




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल
साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग














### दिल्ली से रायपुर लौटे सीएम भूपेश बघेल, सीडब्ल्यूसी की बैठक में चिंतन शिविर पर मंथन

# कांग्रेस ने तय किया एजेंडा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल दिल्ली दौरे से देर रात रायपुर लौटे। रायपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से चर्चा करते हुए सीएम ने कहा कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में उदयपुर चिंतन शिविर के एजेंडे पर चर्चा हुई है। संगठन ने अलग-अलग नेताओं को विभिन्न विषयों पर बनी समितियों की जिम्मेदारी सौंपी है। विभिन्न विषयों पर वहां ग्रुप डिस्कशन होगा। उसके आधार पर एक पेपर तैयार होगा, जिस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी फैसला लेंगी। बैठक में राहुल गांधी सहित सभी नेता मौजूद रहे।



सीएम भूपेश बघेल ने बताया कि दिल्ली में राजस्थान के उदयपुर में होने वाले चिंतन शिविर के एजेंडे पर चर्चा हुई। संगठन ने अलग-अलग नेताओं को विभिन्न विषयों पर बनी समितियों की जिम्मेदारी दी है, जिसमें मल्लिकार्जुन खड़गे, पी चिदंबरम, मुकुल वासनिक, दीपेंदर हुड्डा और राजा बरार शामिल हैं। समितियों में राजनीतिक, संगठन, आर्थिक, कृषि, सामाजिक न्याय जैसे विषय शामिल हैं। इन सब मामले में कमेटी बनी है। ड्राफ्ट तैयार किए गए हैं, जिस पर चर्चा की गई है। सीएम ने बताया कि 13, 14 और 15 मई को उदयपुर में चिंतन शिविर होगा। चिंतन शिविर में ग्रुप डिस्कशन होगा।

### सीएम का दौरा फिर शुरू, आज लुंड्रा विधानसभा पहुंचे

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिल्ली से लौटने के बाद 10 मई को फिर से 90 विधानसभा के दौरे पर निकल गए। आज वे सरगुजा संभाग के लुंड्रा विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर और वहां की जनता से रू-ब-रू हुए। दौरे पर सीएम भूपेश ने कहा कि शासकीय योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने निकले हूं। बहुत अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। किसान हमसे खुश हैं। छात्र-छात्राओं, महिलाओं, गरीब लोगों से मिलकर योजनाओं की जानकारी मिल रही हैं।

### राम-कृष्ण की शरण में छत्तीगढ़ सरकार

# राम वनगमन पथ के बाद बनेगा कृष्ण कुंज



### रोपे जाएंगे बरगद, नीम, पीपल और कदंब के पौधे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश में राम वनगमन पथ के बाद अब सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में 'कृष्ण कुंज' होगा। कृष्ण कुंज में बरगद, पीपल, नीम और कदंब जैसे धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व के पौधों का रोपण किया जाएगा। सीएम भूपेश बघेल ने सभी कलेक्टरों को 'कृष्ण कुंज' विकसित करने वन विभाग को कम से कम एक एकड़ जमीन देने को कहा है। आगामी कृष्ण जन्माष्टमी के दिन पूरे राज्य में 'कृष्ण कुंज' के लिए तय जमीन पर धार्मिक महत्व के पौधों का रोपण किया जाएगा। देश में संभवत: ऐसा कृष्ण कहीं नहीं बनाया गया है।

सीएम भूपेश ने कहा है कि हमारे देश में बरगद, पीपल, नीम, कदंब सहित अन्य वृक्षों की पूजा करने की प्राचीन परंपरा है। मनुष्य जीवन में वृक्षों की उपयोगिता होने के कारण ही हमारी धार्मिक परंपराओं में इन्हें महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। शहरी क्षेत्रों का तेजी से विकास हो रहा है, जिससे वृक्षों की अंधाधुंध कटाई हो रही है। पेड़ों का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया है। अगर यही स्थिति रही तो भावी पीढ़ी को वृक्षों के परंपरागत महत्व के बारे में जानकारी तक नहीं होगी। सीएम ने कहा कि वृक्षों की अमूल्य विरासत का संरक्षण हम सभी का कर्तव्य है। यह आवश्यक है कि जितने भी जीवनोपयोगी वृक्ष हैं, उन्हें प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर लगाया एवं संरक्षित किया जाये।

### वन विभाग को जमीन देने के निर्देश

सीएम भूपेश बघेल ने सभी कलेक्टरों को नगरीय क्षेत्रों में ऐसे सांस्कृतिक महत्व वाले पौधों का रोपण करने कम से कम 1 एकड़ सरकारी भूमि का आवंटन तत्काल वन विभाग को करने कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि वृक्षारोपण को जन-जन और अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोडने, विशिष्ट पहचान देने इसका नाम 'कृष्ण कुंज' रखा जाये। वन विभाग को जमीन देने के साथ इसकी तैयारी ऐसी की जाए कि कृष्ण जन्माष्टमी के दिन पूरे राज्य में 'कृष्ण कुंज' में वृक्षों के रोपण किया जा सके।

### छत्तीसगढ़ में 169 नगरीय निकाय क्षेत्र

छत्तीसगढ़ में नगर पालिक निगम 14, नगर पालिक परिषद 43 और नगर पंचायत 112 है। कुल मिलाकर 169 नगरीय निकाय हैं। सभी निकायों में एक-एक एकड़ जमीन पर बरगद, पीपल, नीम, कदंब सहित अन्य वृक्षों का रोपण होगा। 169 एकड़ जमीन पर पौधों के रोपण से हरियाली का दायरा भी बढ़ेगा।

## खास खबर

### नक्सलियों से मुकाबले के लिए बस्तर फाइटर फोर्स की भर्ती शुरू, युवाओं ने कहा- डटकर करेंगे मुकाबला

**जगदलपुर।** नक्सलियों से मुकाबले के लिए छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में बस्तर फाइटर फोर्स की भर्ती प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है। बड़ी संख्या में युवा यहां आवेदन करने पहुंचे। युवाओं का कहना है कि हम नक्सलियों का डटकर मुकाबला करना चाहते हैं। गाव में बहुत सारे लोग बेरोजगार हैं। इसके माध्यम से हमें अजीविका कमाने में भी मदद मिलेगी। इस मौके पर बस्तर एसपी जितेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि बस्तर सात जिलों में 300 पदों के लिए भर्ती अभियान शुरू हो गया है। युवाओं के लिए अपने देश की सेवा करने का यह एक अच्छा अवसर है। दरअसल, लंबे समय से नक्सलवाद से जूझ रहे बस्तर में स्थानीय युवाओं को रोजगार समेत मुख्यधारा से जोड़ने के लिए राज्य सरकार ने बस्तर फाइटर्स नामक विशेष पुलिस बल के गठन का निर्णय लिया है।

### चीन में कोरोना से हाहाकार : शंघाई-बीजिंग में सामान की डिलीवरी लेने पर भी रोक, जनता में फैल रहा आक्रोश

**बीजिंग ( एजेंसी )।** चीन में कोरोना से हाहाकार मचा हुआ है। राजधानी बीजिंग व व्यावसायिक राजधानी शंघाई में सोमवार को प्रतिबंध और कड़े कर दिए गए। घरों में कैद लाखों लोगों को सामान की डिलीवरी लेने से भी रोक दिया गया। इससे जनता में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

9 मई को चीन में कोरोना के 3,475 नए मामले सामने आए। इनमें से 357 लोगों में कोरोना के लक्षण पाए गए और 3118 लोगों में कोरोना के कोई लक्षण नहीं मिले। चीन में अब तक 5191 लोगों की मौत हो चुकी है।

### शंघाई में डेढ़ माह से लॉकडाउन

कोरोना की रोकथाम में इस बार चीन पिछड़ता प्रतीत हो रहा है। उसकी जीरो कोविड नीति पर भी सवाल उठने लगे हैं। शंघाई में डेढ़ माह से लॉकडाउन लागू है। संक्रमण रोकने के लिए प्रतिबंधों को और कड़ा किया गया है। अभी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। शंघाई के 16 जिलों में से चार में लोगों को सप्ताह के आखिर में नोटिस दिया गया है कि वे अपने घरों से बाहर नहीं जा सकते। वे सामान की डिलीवरी भी नहीं ले सकते हैं। इससे पहले आवासीय क्षेत्र में घूमने की छूट थी।

### छत्तीसगढ़ में किसी को सीएम प्रोजेक्ट नहीं करेगी भाजपा

# मिशन-2023 में पीएम मोदी और कमल का निशान ही चेहरा

**रायपुर ( एजेंसी )।** भारतीय जनता पार्टी मिशन-2023 की तैयारियों में जुट गई है और यह भी तय हो गया है कि चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर लड़ा जाएगा। 4 उप चुनाव व नगरीय निकाय चुनाव में हार के बाद भाजपा किसी को सीएम प्रोजेक्ट नहीं करेगी। राष्ट्रीय नेतृत्व संगठन को मजबूत करने में जुटी है। दो दिन पहले भाजपा की प्रदेश प्रभारी डी पुरंदेश्वरी और सह प्रभारी नितिन नबीन का छत्तीसगढ़ दौरा भी इसी उद्देश्य को लेकर था। दुर्ग और बिलासपुर में संभाग स्तरीय समीक्षा के बाद कोर कमेटी की बैठक में भूपेश सरकार को घेरने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की रणनीति बनी।



सीएम के चेहरे पर भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज तक भारतीय जनता पार्टी ने कोई चेहरा प्रोजेक्ट कर चुनाव नहीं जीता है। छत्तीसगढ़ में 3 चुनाव हमने जीते हैं। यहां भी कोई चेहरा तय नहीं था। हिन्दुस्तान के अन्य राज्यों में चुनाव हुए। उत्तर प्रदेश को छोड़ दें तो कहीं चेहरा प्रोजेक्ट कर चुनाव में नहीं गए हैं। चुनाव होने और जीत के बाद विधायक दल की बैठक होती है और एक घंटे में नेतृत्व तय हो जाता है। डॉ. रमन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकतांत्रिक नीतियों पर काम करती है। चुनाव में नेतृत्व भाजपा का होगा, कार्यकर्ताओं का होगा। हम सब लगेंगे और हमारे पास सबसे बड़ा चेहरा तो हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है।

### कमल खिलने के बाद तय होगा चेहरा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में सीएम का चेहरा केंद्रीय नेतृत्व को तय करना है। हमें प्रदेश सरकार की विफलताओं को लोगों तक ले जाना है। जनता में कांग्रेस सरकार के खिलाफभारी आक्रोश है। हम जनता के सामने प्रदेश की कांग्रेस सरकार की विफलताओं को लेकर जाएंगे। 2023 में पुन: भाजपा को जिताएंगे, प्रदेश में कमल खिलाएंगे और उसके बाद सीएम का चेहरा तय होगा।

### जहां सीएम नहीं वहां पार्टी चुनाव लड़ती है

पूर्व मंत्री व विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि शीर्ष नेतृत्व का काम ही संगठन को मजबूत करना है। सभी पार्टियों के नेता आते हैं तो काम की समीक्षा होती है। यह स्वभाविक प्रक्रिया है। हमारे भी प्रदेश प्रभारी, सह प्रभारी आए और उन्होंने संभाग और जिलों के संगठन की समीक्षा की। उनकी नाराजगी संगठन के लिए है। संगठन को मजबूत करने के लिए इस तरह की नाराजगी स्वाभाविक है। सीएम के चेहरे पर विधायक बृजमोहन ने कहा कि पूरे देश के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक चेहरा हैं। उनकी लोकप्रियता है। जिन राज्यों में मुख्यमंत्री होते हैं वहां उनके चेहरे पर चुनाव लड़ा जाता है, लेकिन जिन राज्यों में मुख्यमंत्री नहीं होते वहां पार्टी चुनाव लड़ती है। पार्टी का सबसे बड़ा चेहरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी है।

## महंगाई से फिलहाल राहत की उम्मीद नहीं 18 महीने के उच्च स्तर पर पहुंचने के आसार




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश में महंगाई पहले से ही निर्धारित अनुमान से ऊपर है और आम जनता इससे बेहाल है, लेकिन यह बोझ हाल-फिलहाल कम होता नजर नहीं आ रहा है। रिसर्च फर्म नोमुरा की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में मुद्रास्फीति अपने उच्च स्तर पर है और आने वाले समय में यह और बढ़ने वाली है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सबसे उच्च महंगाई की मार झेल रहीं अर्थवयवस्थाओं में चार देशों के नाम सबसे ऊपर हैं। इनमें भारत भी शामिल है। इसके अलावा, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया और ताइवान में भी मुद्रास्फीति उच्च स्तर पर बनी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस लिस्ट में शामिल देशों को महंगाई काबू में करने के लिए सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है। इन अर्थव्यवस्थाओं में आधारभूत मुद्रास्फीति तय दायरे के ऊपर है।

# सीएम बघेल ने किया अधिकारी का तबादला लोगों की शिकायतों पर की कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोगों की शिकायतों पर फिर अधिकारियों पर कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद सूरजपुर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राहुल देव को हटा दिया गया। उनकी जगह लीना कोसमी को सूरजपुर जिला पंचायत का नया सीईओ बनाया गया है। सूरजपुर से मुख्यमंत्री के हेलिकॉप्टर के टेकऑफ होते ही सामान्य प्रशासन विभाग ने राहुल देव के तबादले का आदेश जारी कर दिया।



इससे पहले सूरजपुर में पत्रकारों से चर्चा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अधिकांश अधिकारी अच्छा काम रहे हैं। जहां गड़बड़ी हो रही है, वहां सुधारने की जरूरत है। पंचायतों में काम सुधारने की जरूरत है। शिक्षा विभाग में बहुत कार्य करने की जरूरत है। योजनाओं की जमीनी स्थिति पर भूपेश बघेल ने कहा, योजनाएं अच्छी चल रही हैं। शिकायतें राजस्व विभाग की हैं। उनका निराकरण कर रहे हैं। उसके लिए ऑनलाइन कॉल सेंटर भी खोल रहे हैं।

इसके अलावा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सरकार जल्दी ही गौ मूत्र की भी खरीदी शुरू करेगी। गौ मूत्र के संग्रहण, उसके भंडारण, प्रोसेसिंग, खरीदी रेट, बने उत्पादों के लिए मार्केट इन सबका आकलन करने के लिए समितियां बनाई गई हैं। गौ मूत्र खरीदी की पूरी योजना के लिए एक प्रोजेक्ट रिपोर्ट बन रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, गोबर और गौ मूत्र से गौ धन का महत्व बढ़ेगा।

### अधिकारी का जांजगीर-चांपा तबादला

भारतीय प्रशासनिक सेवा 2016 बैच के अफसर राहुल देव को सूरजपुर से हटाकर जांजगीर-चांपा जिले में अपर कलेक्टर बनाया गया है। रविवार को प्रेमनगर विधानसभा में लगी चौपाल में कई लोगों ने जिला पंचायत में कमीशनखोरी की शिकायत की थी। आरोप था कि अधिकारी 20 फीसदी लिए बिना कोई काम नहीं करते। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस शिकायत की जांच के निर्देश दिए थे। सोमवार को मुख्यमंत्री के सूरजपुर से रवाना होते ही सामान्य प्रशासन विभाग ने तबादले का आदेश जारी कर दिया।

# सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, 15 दिन में अधिसूचना जारी करें, बिना ओबीसी आरक्षण के होंगे इलेक्शन

**भोपाल ( एजेंसी )।** मध्य प्रदेश में पंचायत और नगर निगम चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। प्रदेश में बिना ओबीसी आरक्षण के चुनाव होंगे। कोर्ट ने राज्य सरकार की मांग को दरकिनार करते हुए 15 दिन में पंचायत, नगर पालिका और नगर निगम चुनावों की अधिसूचना जारी करने के निर्देश दिए हैं। इस मामले में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार कोर्ट के फैसले का अध्ययन कर रही है। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की जाएगी।



### तीन साल से लंबित चुनावों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अपने फैसले में प्रदेश में तीन साल से पंचायत और नगर निगम चुनाव नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 5 साल में चुनाव करवाना सरकार की संवैधानिक जिम्मेदारी है। 15 दिन में अधिसूचना जारी करें। ओबीसी आरक्षण के लिए तय शर्तों को पूरा किए बिना आरक्षण नहीं मिल सकता। सरकार की ओर से ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट पेश की गई थी। उसमें दावा किया गया था कि मध्य प्रदेश में 48 प्रतिशत आबादी अन्य पिछड़ा वर्ग की है। इस आधार पर इस वर्ग को कम से कम 35 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने रिपोर्ट को अधूरा माना। कोर्ट ने कहा कि बिना ट्रिपल टेस्ट रिपोर्ट के आरक्षण लागू नहीं कर सकते। ऐसे में प्रदेश में अब बिना ओबीसी आरक्षण के चुनाव होंगे।

### 1993 से अब तक पांच चुनाव

प्रदेश में आरक्षण के नियम बनने के बाद 1993 से अब तक पांच चुनाव हुए हैं। इसमें अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति को 20 और अनुसूचित जाति को 16 प्रतिशत आरक्षण मिल रहा था। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अनुसूचित जनजाति को 20 प्रतिशत और अनुसूचित जाति को 16 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा, लेकिन ओबीसी को कोई आरक्षण नहीं मिलेगा।

### राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव कराने को तैयार

सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर अमल करने को तैयार हैं। अधिसूचना जारी करने के लिए 15 दिन का समय पर्याप्त है। हम तो आज भी अधिसूचना जारी कर सकते हैं। हमें तो सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार था। अब आदेश आ गया है तो हम फैसले की कॉपी का इंतजार कर रहे हैं।




## संपादकीय

# व्यापार घाटा बढ़ा सकता है मुश्किलें

हाल ही में प्रकाशित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की रिपोर्ट में यूक्रेन संकट के कारण चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 में दुनिया में व्यापार घाटा बढ़ने के मद्देनजर वैश्विक व्यापार वृद्धि पूर्व निर्धारित 4.7 फीसदी से घटकर तीन फीसदी रहने की बात कही गई है। ऐसे में भारत में भी व्यापार घाटा तेजी से बढ़ने की आशंका है, लेकिन उसके पास निर्यात बढ़ाकर और आयात घटा कर व्यापार घाटे को नियंत्रित करने का एक अवसर भी है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण जैसे-जैसे कच्चे तेल, खाद्य तेल और उर्वरकों के वैश्विक दामों में इजाफा हो रहा है, वैसे-वैसे भारत का विदेश व्यापार घाटा भी तेजी से बढ़ रहा है। कच्चा तेल और खाद्य तेल भारत की सबसे प्रमुख आयात मदें हैं। जहां भारत कच्चे तेल की अपनी कुल जरूरतों का करीब 85 फीसदी हिस्सा आयात करता है, वहीं वह खाद्य तेल की कुल जरूरतों का करीब 65 फीसदी आयात करता है। ऐसे में इन दोनों सबसे बड़ी आयात मदों और चीन से बढ़ते आयातों ने भारत के व्यापार घाटे को चुनौतीपूर्ण बना दिया है। दो मई को वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी विदेश व्यापार के आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2022-23 के पहले माह अप्रैल में जहां देश का आयात 26.6 फीसदी बढ़कर 58.3 अरब डॉलर रहा, वहीं निर्यात 24.2 फीसदी बढ़कर 38.2 अरब डॉलर रहा। परिणामस्वरूप चालू वित्तीय वर्ष के पहले माह में ही व्यापार घाटा 20.1 अरब डॉलर की चिंताजनक ऊंचाई पर पहुंच गया। गौरतलब है कि सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान देश का व्यापार घाटा बढ़कर 192 अरब डॉलर रहा है। बढ़े हुए व्यापार घाटे के कारण देश में आर्थिक-वित्तीय मुश्किलें बढ़ गई हैं। उल्लेखनीय है कि देश से वर्ष 2021-22 में कृषि उत्पादों और मसालों के अधिकतम निर्यात का सुकूनदेह परिदृश्य भी उभरकर दिखाई दिया है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक, कोविड-19 की आपदाओं के बीच जहां भारत ने वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों की खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में अहम भूमिका निभाई है, वहीं उसने फरवरी, 2022 के बाद रूस और यूक्रेन युद्ध के कारण दुनिया भर में कृषि उत्पादों की निर्यात मांग को पूरा करने के अवसर का लाभ उठाते हुए वर्ष 2021-22 में 50 अरब डॉलर मूल्य के रिकॉर्ड कृषि निर्यात किए हैं। निस्संदेह देश से बढ़ते व्यापार घाटे को कम करने के लिए एक ओर हमें आयात घटाने होंगे तथा दूसरी ओर निर्यात बढ़ाने होंगे। व्यापार घाटे में कमी लाने के लिए चीन से व्यापार घाटा कम करना होगा। इस समय आजादी के 75वें साल में जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, तब एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता और चीनी सामान के आयात को नियंत्रित करने के लिए शुरू किया गया अभियान और अधिक उत्साहजनक रूप से आगे बढ़ाए जाने की जरूरत दिखाई दे रही है। स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन के साथ आत्मनिर्भर भारत अभियान में तेजी लाकर व्यापार घाटे में कमी की जी सकती है। चूंकि कच्चे तेल के आयात से व्यापार घाटा बढ़ रहा है, इसलिए अब कच्चे तेल के देश में अधिक उत्पादन और इसके विकल्पों पर भी शीघ्रतापूर्वक ध्यान देना होगा। देश के पास जो विशाल तेल भंडार है, उससे वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की वर्तमान कीमतों की तुलना में चार-पांच गुना कम लागत पर कच्चे तेल का दोहन किया जा सकता है। इलेक्ट्रिक वाहनों के तेजी से उपयोग करने की रणनीति पर भी आगे बढ़ा जा सकता है। खाद्य तेल भी देश के आयात बिल की प्रमुख मद है, इसलिए इसके उत्पादन के लिए भी रणनीतिक रूप से आगे बढ़ना होगा। खासतौर से तिलहन के उत्पादन को बढ़ाकर खाद्य तेलों के मामले में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जो राष्ट्रीय खाद्य तेल-पाम ऑयल मिशन (एनएमईओ-ओपी) लागू किया गया है, उसके तहत पाम ऑयल का रकबा और पैदावार बढ़ाने के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रयास करने होंगे।

" देश के पास जो विशाल तेल भंडार है, उससे वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की वर्तमान कीमतों की तुलना में चार-पांच गुना कम लागत पर कच्चे तेल का दोहन किया जा सकता है। इलेक्ट्रिक वाहनों के तेजी से उपयोग करने की रणनीति पर भी आगे बढ़ा जा सकता है। खाद्य तेल भी देश के आयात बिल की प्रमुख मद है, इसलिए इसके उत्पादन के लिए भी रणनीतिक रूप से आगे बढ़ना होगा। खासतौर से तिलहन के उत्पादन को बढ़ाकर खाद्य तेलों के मामले में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जो राष्ट्रीय खाद्य तेल-पाम ऑयल मिशन (एनएमईओ-ओपी) लागू किया गया है, उसके तहत पाम ऑयल का रकबा और पैदावार बढ़ाने के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रयास करने होंगे।

**" दो ऐसे अवसर भी आए, जब दक्षिण के नेता प्रधानमंत्री कार्यालय में विराजने से वंचित रह गए, लेकिन 'किंगमेकर' के रूप में जरूर उभरे। अभिनेता से नेता बने एन टी रामाराव 1988 में नेशनल फ्रंट के नेता बने। हालांकि, वह शायद ही एक राजनीतिक दिग्गज थे, लेकिन उन्हें वी पी सिंह, ज्योति बसु, बीजू पटनायक और देवी लाल जैसे लोगों ने स्वीकार किया।**

# दिल्ली की गद्दी पर दक्षिण के दावे

एस श्रीनिवासन, वरिष्ठ पत्रकार



भारत केराजनीतिक इतिहास में दक्षिण से केवल दो प्रधानमंत्री रहे हैं, पी वी नरसिम्हा राव और एच डी देवेगौड़ा। घटनाओं के अप्रत्याशित मोड़ के बाद दोनों 1990 के दशक में इस पद पर पहुंचे। 1991 में राजीव गांधी की हत्या के बाद राव को कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व करने के लिए चुना गया था। 1996 के चुनावों में कांग्रेस पार्टी के खराब प्रदर्शन और भाजपा की 13 दिन पुरानी सरकार गिरने के बाद देवेगौड़ा इस पद पर पहुंचे थे। राव कांग्रेस पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक थे और सेवानिवृत्ति की योजना बना रहे थे, जब अचानक घटनाओं ने उन्हें केंद्र में ला खड़ा किया। यह सीपीएम की ऐतिहासिक भूल थी, जिसने ज्योति बसु को प्रधानमंत्री नहीं बनने दिया, जिसके परिणामस्वरूप यह पद देवेगौड़ा की गोद में जा गिरा। राव और देवेगौड़ा का उदय कितना भी अप्रत्याशित क्यों न हो, इसने इस धारणा को चुनौती दी थी कि प्रधानमंत्री कार्यालय का मार्ग अनिवार्य रूप से भारत के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश से होकर गुजरना चाहिए।

हम देखते हैं कि उत्तरी राज्यों पर बहुत अधिक निर्भरता की अपनी मूल राजनीति के साथ भाजपा ने हिंदी पट्टी पर ज्यादा ध्यान केंद्रित कर रखा है। यद्यपि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात से हैं, िार भी उन्होंने बनारस को अपने निर्वाचन क्षेत्र के रूप में चुना, जिससे राष्ट्रीय राजनीति में हिंदी गढ़ के महत्व को ही बल मिला।

दो ऐसे अवसर भी आए, जब दक्षिण के नेता प्रधानमंत्री कार्यालय में विराजने से वंचित रह गए, लेकिन 'किंगमेकर' के रूप में जरूर उभरे। अभिनेता से नेता बने एन टी रामाराव 1988 में नेशनल फ्रंट के नेता बने। हालांकि, वह शायद ही एक राजनीतिक दिग्गज थे, लेकिन उन्हें वी पी सिंह, ज्योति बसु, बीजू पटनायक और देवी लाल जैसे लोगों ने स्वीकार किया।

आठ साल बाद राव के दामाद, चंद्रबाबू नायडू, धर्मनिरपेक्ष संयुक्त मोर्चे के नेता बने और प्रधानमंत्री पद के लिए आम सहमति के उम्मीदवार के रूप में देवेगौड़ा के चयन को आसान बनाया। नायडू बाद में किनारे हो गए और राष्ट्रीय जनतांत्रिक मोर्चे के संयोजक बने, जिसमें भाजपा भी शामिल थी।

बहरहाल, पिछले 25 सालों में बहुत कुछ बदल गया है। दक्षिण के क्षेत्रीय दलों ने भाजपा के जवाब में अपना किला तो मजबूत रखा है, पर वे शायद ही वैकल्पिक नेतृत्व या राष्ट्रीय दृष्टिकोण पेश करने की स्थिति में हैं। वास्तव में तेलंगाना राष्ट्रीय समिति या टीआरएस नेता के चंद्रशेखर राव को छोड़कर किसी ने भी दिल्ली की गद्दी पर विराजने की इच्छा व्यक्त नहीं की है।

के चंद्रशेखर राव, जिन्हें केसीआर के नाम से भी जानते हैं, मुख्यमंत्री के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल में 2019 से संभावित तीसरे मोर्चे के नेता के रूप में उभरने के संकेत दे रहे हैं। हालांकि, उनकी इस कोशिश पर किसी ने गंभीरता से ध्यान नहीं दिया है। कारण यह है कि उनकी कोशिश अविश्वसनीय नजर आती है। कभी राव यूपीए सरकार का हिस्सा थे, मगर उन्होंने वह गठबंधन छोड़ने में कतई समय बर्बाद नहीं किया और बाद में नवगठित तेलंगाना के मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने खुद को एनडीए से जोड़ लिया। उन्हें अवसरवादी के रूप में देखा गया। केसीआर ने प्रधानमंत्री पद की चाह का प्रदर्शन तब शुरू किया, जब उनके गृह राज्य में भाजपा प्रमुख विपक्ष पार्टी के रूप में उभर आई। इससे पहले केसीआर ने तेलंगाना में कांग्रेस को कड़ी मेहनत से लगभग खत्म कर दिया था, शायद ही उन्होंने इस बात को महसूस किया कि कांग्रेस का स्थान जल्द ही एक बड़ी, दुर्जेय प्रतिद्वंद्वी, भाजपा से भर जाएगा।

इसलिए जब वह अन्य विपक्षी नेताओं से सहयोग का हाथ मांग रहे हैं, तो कोई जवाब नहीं दे रहा है। फिर भी केसीआर-समर्थकों को लगता है कि वह प्रधानमंत्री पद के योग्य हैं। केसीआर ने नवगठित राज्य को सफलतापूर्वक चलाया है, ऐसा सभी क्षेत्रीय दल नहीं कर सके हैं। उन्होंने अपने बेटे को उत्तराधिकारी भी चुन लिया है, पर अभी राज्याभिषेक कराने में असमर्थ हैं।

द्रमुक नेता, एम के स्टालिन, अपने तमिलनाडु राज्य के प्रबंधन से ही संतुष्ट हैं, जहां वह केंद्र की निरंतर चकाचौंध से सावधान रहते हुए अपनी सरकार चला रहे हैं। भाजपा राज्य में अपना विस्तार करने की इच्छुक है, लेकिन द्रविड़ पार्टी को एक बाधा के रूप में देखती है। दूसरी ओर, अन्नाद्रमुक 2016 में अपनी सर्वोच्च नेता जे जयललिता की मृत्यु के बाद से ही असमंजस में है। पड़ोसी राज्य कर्नाटक में भाजपा अच्छी तरह से स्थापित है और खुद को दिनोंदिन मजबूत करती जा रही है। केरल में वामपंथियों के आखिरी गढ़ में भी भारतीय जनता पार्टी धीरे-धीरे कांग्रेस की जगह लेने की कोशिश कर रही है।

आंध्र प्रदेश में मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी शायद ही भाजपा का विरोध करने की स्थिति में हैं। उनके खिलाफ अदालतों और जांच एजेंसियों में मामले हैं, अत: उन्होंने सहयोग के लिए अपना हाथ बढ़ा रखा है। यहां चंद्रबाबू नायडू खुद भी किसी अच्छी स्थिति में नहीं हैं। भाजपा छोड़ने के बाद धर्मनिरपेक्ष मोर्चे में उनकी वापसी 2019 में एक फ्लॉप शो के रूप में हुई थी। इसलिए यू-टर्न लेने और भाजपा के साथ फिर मेल बिठाने के उनके खूब प्रयास भी कारगर साबित नहीं हो रहे हैं। अपने चारों ओर के दरवाजे बंद करके वह जगनमोहन के खिलाफ एक हारी हुई लड़ाई लड़ रहे हैं।


जबकि भाजपा लगातार कांग्रेस पार्टी पर हमला कर रही है और कांग्रेस मुक्त भारत का वादा भी कर रही है, इस अभियान ने क्षेत्रीय दलों को भी गंभीर रूप से प्रभावित किया है। वैसे द्रमुक, टीआरएस और वाईएसआर कांग्रेस जैसी पार्टियां भले ही अपने दम पर खड़ी हों, लेकिन वे शायद ही अपनी सीमाओं से परे अपनी अपील के विस्तार की स्थिति में हैं।

इन सभी दलों ने आक्रामक भाजपा से अपने क्षेत्र की रक्षा के लिए अपनी-अपनी खाइयां खोद ली हैं। भाजपा को बचाव की मुद्रा में लाने के लिए ये दल प्रयासरत हैं। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी विधानसभा चुनावों में भगवा पार्टी को पीछे रखने में कामयाब रहीं, लेकिन इससे उन्हें अपने राज्य से परे कोई नई जमीन हासिल करने में मदद नहीं मिली है। रही बात आम आदमी पार्टी की, तो कुछ राज्यों से परे उसकी अपील का परीक्षण अभी बाकी है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# अफ्रीकी देशों में बढ़ती भुखमरी पर लगाम लगाना जरूरी

भारत डोगरा, सामाजिक कार्यकर्ता



यूक्रेन संकट का एक ऐसा प्रतिकूल असर भी पड़ा है, जिस ओर अभी तक दुनिया का बहुत कम ध्यान गया है। यह असर बहुत दूर स्थित अफ्रीका महाद्वीप के देशों में चिंता का कारण बन रहा है। इन देशों का खाद्य संकट पहले से और विकट हो रहा है। दरअसल, अफ्रीका के अनेक देशों में लंबे समय से चल रहे सूखे, आंतरिक हिंसा व अन्य कारणों से पहले से खाद्य संकट मौजूद था। इनमें से अनेक देश यूक्रेन और रूस पर कुछ मुख्य खाद्य उत्पादों, जैसे गेहूं, मक्का, खाद्य तेल आदि के लिए काफी हद तक निर्भर थे। इसके अतिरिक्त इन देशों से उन्हें रासायनिक खाद भी अधिक मात्रा में मिलती थी, जिस पर उनकी अपनी खाद्य उत्पादन क्षमता आश्रित है। यहां यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि विदेशी परियोजनाओं व विशेषज्ञों ने अफ्रीका पर एजीआरए व अन्य परियोजनाओं के अंतर्गत रासायनिक खाद, कीटनाशकों व महंगे बीजों पर आधारित खेती का दबाव बनाया है, जिसके कारण यहां की धरती, जो पहले आत्मनिर्भर थी, अब रासायनिक खाद के आयात पर अधिक निर्भर हो गई है। यूक्रेन युद्ध छिड़ने से खाद्य व खाद, दोनों के आयात कम होने के कारण अफ्रीका महाद्वीप के अनेक देशों की खाद्य स्थिति पहले से और बिगड़ गई है। उल्लेखनीय है कि युद्ध के आरंभ होने से पहले ही यहां विश्व खाद्य कार्यक्रम व अन्य संस्थानों के अधिकारी चेतावनी दे रहे थे कि इस वर्ष खाद्य संकट पहले से अधिक बिगड़ सकता है। विश्व खाद्य कार्यक्रम उन अंतरराष्ट्रीय संस्थानों में प्रमुख है, जो अफ्रीका के खाद्य संकट से त्रस्त क्षेत्रों में खाद्य उपलब्धि कार्यक्रम चलाते हैं। इसके लिए इस कार्यक्रम द्वारा अनाज की खरीद पहले यूक्रेन में की जाती थी। पूर्वी अफ्रीका में 'हॉर्न ऑफ अफ्रीका ' क्षेत्र को अकाल की स्थिति से अधिक प्रभावित बताया गया है। इसमें मुख्य रूप से सोमालिया, इथिओपिया जैसे बड़े देश हैं और केन्या के कुछ भाग भी हैं। यहां हाल के वर्षों में बारिश बहुत कम हुई है। आंतरिक हिंसा से जुड़ी समस्याएं भी हैं। इसके मिले-जुले असर ने यहां खाद्य स्थिति बहुत बिगाड़ दी है।

जलवायु परिवर्तन के इस दौर में प्रतिकूल मौसम की आशंका वैसे ही बढ़ गई है। इस स्थिति में अमन-शांति बनाए रखना बहुत जरूरी है। मगर त्रासदी यह है कि इस संवेदनशील व नाजुक दौर में भी अफ्रीका के अनेक देशों में आंतरिक हिंसा बहुत हुई है, और हो रही है। इथिओपिया, नाइजीरिया व सूडान जैसे बड़े देश हिंसा से बहुत प्रभावित हुए हैं। गृह युद्ध के बाद सूडान दो देशों में बंट चुका है- सूडान व दक्षिण सूडान। बढ़ती भूख की समस्या के बीच यह याद दिलाना भी जरूरी है कि वर्ष 1971-2011 के 40 वर्षों के बीच सेहल, हॉर्न ऑफ अफ्रीका व अन्य क्षेत्रों में लाखों लोग भूख और अकाल से मारे गए हैं। विकास व पर्यावरण पर विश्व आयोग ने वर्ष 1987 में बताया था कि पिछले करीब तीन वर्षों में अफ्रीका में अकाल व भूख से लगभग दस लाख लोगों की मृत्यु हुई थी। 1970 से 2022 तक के 52 वर्षों में किसी अन्य क्षेत्र में भूख से इतनी अधिक मौतों का कोई अन्य उदाहरण नहीं है। इससे पहले साल 1959-60 के आसपास चीन में 'बड़ी छलांग' के दौर में इससे भी अधिक मौतें अकाल व भूख से हुई थीं।

खाद्य और कृषि संगठन व विश्व खाद्य कार्यक्रम ने वर्ष 2021 के आरंभ में रिपोर्ट तैयार की थी 'हंगर हॉटस्पॉट', जिसमें विश्व के उन 20 देशों की पहचान की गई थी, जहां भूख की समस्या अधिक है और भविष्य में यह अधिक उग्र हो सकती है। इन 20 देशों में से 12 अफ्रीका महाद्वीप के थे। इसके बाद के सवा वर्ष को देखें, तो अत्यधिक भूख से प्रभावित अफ्रीकी देशों व क्षेत्रों की संख्या और बढ़ गई है। नाइजीरिया व केन्या की गिनती अपेक्षाकृत ठीक-ठाक आर्थिक स्थिति वाले देशों में होती है, पर यहां के भी कुछ बड़े क्षेत्रों में भूख की समस्या विकट है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

### श्रीमती अंजली जैन की कलम से...



प्यार का समुन्दर,
बन जाऊँ, जग की
प्यास, बुझाऊँ,
जिनका, टूटा
आत्मबल उनकी,
शक्ति बन, उनको
चमकाऊँ।

-अंजली जैन
7024460938


महक सेनीटेशन
आपके शहर में सेनेटरी का भव्य शोरुम
सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

NJ
सोने, चांदी के जेवर के विक्रेता
सांखला नवीन ज्वेलर्स
जवाहर चौक, दुर्ग

विनय मेडिकल स्टोर्स
सभी प्रकार के अंग्रेजी और आयुर्वेदिक दवी के चिल्हर विक्रेता
मो.-9329766891
शॉप नं.-15, महात्मा गांधी मार्केट, अग्रेसन चौक, दुर्ग (छ.ग.)

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

A quality Digital Photoshop
Laxmi photo studio
Adarsh Nagar, DURG (C.G.)
9039553151, 9993564499
E-mail - laxmistudio2004@gmail.com

लक्ष्मी ज्वेलर्स
कुशल
9770584111
8959994444
स्टेशन रोड, कर्नाटका बैंक के सामने, दुर्ग (छ.ग.)

सुशील म्युजिकल
इलेक्ट्रीक शाही बेन्जो के निर्माता
सभी प्रकार के संगीत वाद्य यंत्र के विक्रेता
स्टेशन रोड, फरिश्ता काम्प्लेक्स के पास, दुर्ग (छ.ग.) - 491001
मो.-9993626855, फो.-07884010027
e-mail-sushilmusical@gmail.com





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### जनचौपाल में मिले 50 आवेदन

**गरियाबंद।** जिला मुख्यालय गरियाबंद में प्रत्येक सप्ताह सोमवार को आयोजित जन चौपाल में कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर अपर कलेक्टर जे.आर चौरसिया ने लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर आवेदकों को उनकी समस्या के निराकरण के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये है। जनचौपाल में 50 नागरिकों ने अपनी समस्या संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये। जनचौपाल में ग्राम लोहझर की श्याम कुमारी ने बिजली बिल की राशि अधिक आने, ग्राम पोटिया के धनसूराम भुंजिया ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गरियाबंद में भृत्य पद पर नियुक्ति करने, ग्राम भैसतरा के जुगराम साहू ने धान खरही में आग लग जाने से क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि दिलाने, ग्रो कोसमबुड़ा के लिलेश्वर ने मोटराईज्ड ट्रायसाकिल दिलाने, ग्राम केड़ीआमा के शत्रुघन लाल भुंजिया ने सोलर पैनल व बोर मशीन लगाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किये।

### शिक्षकों के समस्याओं के निराकरण के लिए 12 तक शिविर का आयोजन

**जगदलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जिला बस्तर द्वारा जिले के शिक्षकों के समस्याओं के निराकरण हेतु 12 मई तक जिले के सभी विकासखण्डों में अलग-अलग तिथियों में शिक्षक समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री भारती प्रधान ने बताया कि इसके अन्तर्गत आज विकासखण्ड बकावण्ड के शिक्षकों के लिए विकासखण्ड मुख्यालय बकावण्ड के अलावा बजावण्ड एवं करपावण्ड में शिक्षक समस्या निवारण शिवर का आयोजन किया गया। इसी तरह 10 मई को विकासखण्ड मुख्यालय बस्तर में सुबह 10 से 11 बजे तक एवं दोपहर 12 से 1 बजे तक 11 मई को विकासखण्ड मुख्यालय तोकापाल में सुबह 10 से 11 बजे तक एवं विकासखण्ड मुख्यालय बास्तानार में दोपहर 12 से 1 बजे तक तथा विकासखण्ड मुख्यालय लोहण्डीगुड़ा में दोपहर 3 से 4 बजे तक शिक्षक समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। शिक्षक समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिक्षकों के स्थानांतरण एवं संलग्नीकरण के संबंध में आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

#### 20 साल तक पानी में डूबे रहने के बाद फिर से खोली गई ब्लैक स्टोन क्वारी

## पुनर्जीवित ब्लैक स्टोन क्वारी से सुपीरियर ग्रेड लाइमस्टोन की पहली रेक प्लांट पहुंची

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की नंदिनी माइंस की पुनर्जीवित ब्लैक स्टोन क्वारी से 3182 टन बेहतर ग्रेड के चूना पत्थर का पहला रेक 9 मई 2022 को ब्लास्ट फर्नेस के चार्जिंग साइड पर स्थित अयस्क ट्रेंच (ओटी) में उतारा गया।**



भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी, अनिर्बान दासगुप्ता तथा ईडी (माइन्स व रावघाट), मानस विश्वास ने हरी झंडी दिखाकर अनलोडिंग प्रक्रिया का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ईडी (पी एंड ए)के के सिंह, ईडी (प्रोजेक्ट), ए के भट्टा, ईडी (वर्क्स), अंजनी कुमार, सीजीएम इंचार्ज (सेवाएं), एस एन आबिदी, जीएम इंचार्ज (आरएमडी),आई सेनगुप्ता तथा मुख्य महाप्रबंधकगण व संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाप्रबंधक प्रभारी (नंदिनी माइन्स), पी एक्का ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया तथा सहायक महाप्रबंधक डी एन रस्तोगी ने पुर्नजीवित ब्लैक स्टोन क्वारी के इतिहास पर विस्तार से प्रकाष डालते हुए इस कार्य के दौरान आनेवाली चुनौतियों व कठिनाइयों के निराकरण की विस्तृत जानकारी दी। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी, अनिर्बान दासगुप्ता तथा ईडी (माइन्स व रावघाट), मानस विश्वास ने अपने उद्बोधन में नंदिनी माइन्स के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा किए गए अथक प्रयासों की दिल खोलकर प्रषंसा की। विदित हो कि लगभग बीस वर्षों से पानी में डूबी नंदिनी के पुनर्जीवित ब्लैक स्टोन क्वारी से चूना पत्थर का परिवहन महत्वपूर्ण है एवं इस बात का परिचायक है कि नंदिनी के पुनर्जीवित ब्लैक स्टोन क्वारी के पुनरुद्धार का कार्य सफ्लतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। जलमग्न ब्लैक स्टोन क्वारी से खनन को पुनर्जीवित करने के लिए बीएसपी के प्रबंधन ने पहल प्रारंभ की थी। यह पहल न केवल बेहतर ग्रेड चूना पत्थर के लिए संयंत्र की आवश्यकता को पूरा करने में मदद कर रही है, बल्कि आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को भी पानी की आपूर्ति के माध्यम से लाभान्वित कर रही है।

विदित हो कि नंदिनी माइन्स का ब्लैक स्टोन क्वारी पिछले 20 वर्षों से पानी में डूबा हुआ था। इस क्वारी को पुनर्जीवित करने हेतु बीएसपी प्रबंधन द्वारा अभिनव पहल प्रारम्भ किया गया। इस क्वारी के बीचों-बीच वेस्ट मटेरियल से 900 मीटर लंबी सेतु का निर्माण किया गया जिसे लक्ष्मण सेतु का नाम दिया गया। इस प्रकार लक्ष्मण सेतु से इस क्वारी को ए और बी भागों में बांटा गया। बी भाग में भरे हुए पानी को आस-पास के गांवों के तालाबों में भरा गया और इस बी भाग को पूर्णतः खाली किया गया। इस प्रकार क्वारी का यह भाग माइनिंग के लिए तैयार हो पाया। इस भाग में उच्च कोटि का लो-सिलिका ग्रेड लाइम स्टोन प्राप्त होने का मार्ग प्रषस्त हुआ है। नंदिनी के इस क्वारी से प्राप्त लाइम स्टोन मध्यप्रदेष स्थित कुटेष्वर माइन्स से प्राप्त लाइम स्टोन जैसा ही उच्च दर्जे का अयस्क है। इस क्वारी से बीएसपी के उच्च दर्जे की लाइम स्टोन की जरूरत को पुरा करने में मदद मिलेगी। आज इस खदान के बी ब्लॉक से प्राप्त चूना पत्थर से भरा रैक संयंत्र पहुंचा। इस प्रकार नंदिनी के ब्लैक स्टोन क्वारी जो कि पिछले 20 वर्षों से पानी में डूबी हुई थी, इससे आज बेहतर ग्रेड के चूना पत्थर का परिवहन प्रारंभ कर एक नई शुरूआत की गई। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के माननीय केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने 20 अक्टूबर, 2021 को सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के नंदिनी माइन्स के इसी पुनर्जीवित ब्लैक स्टोन क्वारी की औपचारिक शुरूआत की थी।

## जन समस्या समाधान शिविर के पहले दिन मे मिले हैंड पंप मरम्मत की मांग 1.30 घंटे में ही सुधारा गया, विधायक महापौर ने किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में व्याप्त समस्या के निराकरण के लिए आज से जन समस्या समाधान शिविरों के आयोजन की शुरूवात हुयी । प्रारंभिक शिविर पंचशील नगर वार्ड क्रमांक - 01 स्थित चन्द्रशेखर आजाद स्कूल में लगाया गया । शिविर में दुर्ग निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक - 01, 02 एवं 56 के नागरिको की समस्या का त्वरित निराकरण किया गया ।

शिविर में सर्वाधिक प्रकरण आबादी, पट्टा, नवीनीकरण के निराकरण के लिए प्राप्त हुये है।गौरतलब है कि निगम क्षेत्र के सभी 60 वार्डो में व्याप्त मूलभूत सुविधाओ के साथ अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए निगम आयुक्त हरेश मंडावी के मार्ग दर्शन में 09 मई से 08 जुन तक एक माह के लिए जन समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।






सोमवार को शिविर अभियान का शुभारंभ शहर विधायक अरूण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल की उपस्थिति में किया गया । इस अवसर पर विधायक अरूण वोरा ने कहा कि दुर्ग निगम प्रशासन कि पहली प्राथमिकता नागरिको को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराये जाने की है। इस दिशा में महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में विशेष प्रयास भी किये जा रहे है । नागरिको को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नही करना पडे इसलिए इस शिविर का आयोजन किया गया है।जिससे निश्चित रूप से शहर के नागरिक लाभान्वित होंगे । महापौर धीरज बाकलीवाल ने बताया कि शिविरो का आयोजन वार्डो में विभिन्न तिथियों के अनुसार किया जा रहा है।उन्होने अपील की है, कि संबंधित वार्ड पार्षद एवं नागरिक निर्धारित तिथि पर शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओ का निराकरण करवाये। इस मौके पर एम0आई0सी0 सदस्य हमीद खोखर तथा वार्ड पार्षद मनीष साहू, कुमारी भारती राकेश साहू, चमेली साहू एवं अन्य जन प्रतिनिधिगण विशेष रूप से उपस्थित रहे।सोमवार को आयोजित शिविर में कुल 147 आवेदन प्राप्त हुए । जिनमें 126 आवेदन मांग तथा 21 आवेदन विभिन्न समस्याओं के थे जिनमें से सभी 21 समस्या संबंधित आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

## उज्ज्वला गैस उपभोक्ताओं को घर पहुंच सेवा उपलब्ध कराई जाए-सांसद साहू

**गरियाबंद।** केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जिले में क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु आज महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आयोजित हुई।श्री साहू ने केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं का क्रियान्वयन समय-सीमा और लक्ष्य के अनुरूप करने के निर्देश दिये।उन्होंने कहा कि उज्ज्वला गैस योजना अंतर्गत गैस उपभोक्ताओं को घर पहुंच सेवा उपलब्ध कराई जाए। जल-जीवन मिशन अंतर्गत जल हेतु घरों में कनेक्शन देने ठेकेदार द्वारा नये पाइप उपयोग में लायी जाए, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने इंदागांव विद्युत सबस्टेशन को भी आगामी दो माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान सांसद श्री साहू ने विभागीय अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की एवं विभागों को पूर्ण जवाबदेही एवं समयबद्धता से कार्य निष्पादन करने कहा। विभिन्न योजनाओं के तहत जिले में चल रहे विभिन्न योजनाओं की गतिविधियों की और प्रगति के संबंध में जिला पंचायत सीईओ रोक्तिमा यादव ने लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू को अवगत कराया। समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के तहत जिले में 666 ग्रामो की योजना बनाई गई है। अब तक 23 हजार 91 घरेलु कनेक्शन उपलब्ध कराई जा चुकी है।

#### आत्मानंद स्कूल बनाने के लिए प्रस्तावित स्कूलों का भी किया निरीक्षण

## आयुक्त प्रकाश सर्वे ने आत्मानंद स्कूल का किया निरीक्षण, 30 मई तक कार्य कंप्लीट करने अधिकारियों को दिया अल्टीमेटम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई की उपयोगिता को देखते हुए दुर्ग जिले के साथ शहर में आत्मानंद स्कूल की संख्या में बढ़ोत्तरी की गई है। महापौर नीरज पाल शहर के बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। इसके लिए विधायक देवेंद्र यादव की पहल पर महापौर ने छावनी, सेक्टर 4 एवं सेक्टर 7 में नवीन आत्मानंद स्कूल की सौगात दिलाई है।**



पटरी पार क्षेत्र में छावनी, फरीदनगर, कैंप क्षेत्र, हाउसिंग बोर्ड में भी आत्मानंद स्कूल बनाया जाना है। नगर निगम आयुक्त ने आज सुबह सेक्टर 6 स्थित आत्मानंद स्कूल परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल में मौजूद कक्षाओं के साथ परिसर में लगभग 80 लाख की लागत से खेल परिसर और सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन के लिए बन रहे निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण किया।

धीमी गति से हो रहे निर्माण कार्य के लिए आयुक्त ने ठेकेदार पर नाराजगी जताई। ठेकेदार को निर्माण कार्य जल्द-से-जल्द पूरा करने कहा।

इसके लिए उन्होंने जोन 5 के आयुक्त एन आर रत्नेश को निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग करते हुए जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए, आयुक्त महोदय ने 30 मई तक निर्माण कार्य कंप्लीट करने के लिए निर्देश दिए हैं। वहीं आज आत्मानंद स्कूल के लिए प्रस्तावित शासकीय उमावि छावनी, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला फरीदनगर, शासकीय उमावि जेपी नगर केम्प दो व शासकीय उमावि हाउसिंग बोर्ड स्कूल का भी निरीक्षण आयुक्त ने किया। छ.ग. शासन ने आत्मानंद स्कूल की मांग को देखते हुए शहर में और स्कूल खोले जाने की घोषणा की है। इसके लिए आयुक्त सर्वे ने सेक्टर 4 स्थित शासकीय विद्यालय बोरिया गेट और सेक्टर 7 शासकीय विद्यालय का आत्मानंद स्कूल बनाए जाने के लिए निरीक्षण किया। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य से आयुक्त ने चर्चा की। आयुक्त ने जोन एक स्थित निर्माणाधीन खम्हरिया व जोन 4 अंतर्गत श्रीराम चौक खुर्सीपार का भी निरीक्षण कर अधूरे कार्यों को मई के अंतिम दिन तक पूर्ण करने के कड़े निर्देश जोन अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान जोन 5 आयुक्त रत्नेश, जोन 1 आयुक्त मनीष गायकवाड़, जोन 4 आयुक्त अमिताभ शर्मा कार्यपालन, अभियंता सुनील दुबे, अभियंता श्वेता महिश्वर सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## नाप तोल कानून 2009 के दंडात्मक प्रावधानों का गैर अपराधीकरण करना बेहद जरूरी - कैट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीड़िया प्रभारी संजय चौंबे ने बताया कि केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले मंत्रालय ने आज नई दिल्ली के विज्ञानं भवन में माप -तोल क़ानून, 2009 में दंडात्मक प्रावधानों को गैर आपराधिक श्रेणी में रखने के विषय पर एक राष्ट्रीय वर्कशॉप आयोजित की जिसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल ने किया । इस वर्कशॉप में कैट ने जोर देकर कहा की माप-तोल क़ानून में केवल मात्र तकनीकी गलतियों के लिए भी आपराधिक धारा है जिससे देश भर के व्यापारी बुरी तरह प्रताड़ित होते हैं एवं उनमे कारावास का प्रावधान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यापार करने में आसानी के विजन के विरुद्ध है। कैट ने कहा की व्यापारी तो पैकड सामान जो व्यापारियों को निर्माताओं, उत्पादक अथवा आयातकर्ता द्वारा दिया जाता है, को देने का साधन मात्र है । इसलिए उन पर आपराधिक धारा लगाना कतई उचित नहीं है। कैट ने कहा की न्याय के प्राकृतिक सिद्धांत को देखते हुए इस क़ानून के तहत दंडात्मक प्रावधानों को गैर आपराधिक बनाया जाना चाहिए और इस सन्दर्भ में केवल निर्माता की जिम्मेदारी ही तय होनी चाहिए । ज्ञातव्य है की कैट एक लम्बे समय से इस क़ानून के अंतर्गत दंडात्मक प्रावधानों को गैर आपराधिक श्रेणी में रखने की मांग उठाता रहा है । कैट ने इस राष्ट्रीय वर्कशॉप को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा व्यापार करने में आसानी के विजन को आगे बढ़ाने के लिए मंत्रालय की सराहना की और उम्मीद जताई की इस क़ानून के पालन में यदि कोई त्रुटि होती है तो सिविल कार्यवाही का प्रावधान न्यायसंगत होगा जिससे देश में भयमुक्त व्यापार हो सकेगा । कैट ने इस बात पर सहमति जताई की खुदरा ग्राहक के हितों को देखते हुए यह जरूरी हैं की खरीदा गया उत्पाद प्रामाणिक है और पैकेट/उत्पाद पर प्रदर्शित मात्रा के अनुरूप है तथा वस्तु की कीमत गुणवत्ता के हिसाब से ठीक है। किसी भी तरह से ग्राहकों के अधिकारों का हनन नहीं होना चाहिए लेकिन इसके लिए व्यापारियों को बेवजह दंडित भी नहीं होना चाहिए ।


RKMG COMMUNITY
E-Commerce platform for Indians

समस्त व्यापारि भाइयों और बहनों के लिए e-commerce प्लेटफॉर्म है RKMG community जो कि आपको आने वाले समय में मजबूत करेगा compete करने के लिए हर आन लाइन प्लेटफार्म से।

- हम आपको digital franchise बनाएँगे, जहाँ कई branded companies के समान को competitive रेट पर अपने ग्राहक को बेच पाएंगे और अपनी आमदनी बढ़ा पाएंगे।
- यहाँ अपने ग्राहक को पचास से भी अधिक समान बेच पाएंगे, बिना स्टोक रखे ।
- अपने ग्राहक से पैसे अपने अकाउंट में लेंगे और franchise price काट कर बाकी कम्पनी के ऑडर के लिए देंगे।
- RKMG आप लोगो से रूपए 5000+18% GST Franchise agreement fee लेगी।
- अधिक जानकारी के लिए 7828463843 & 9650145151 पर काल करे।

We are about to launch products live of your interest from 7th of May w®ww. From this day onwards You may Log on to www.rkmg.in/community/inde&.html and you will come to a page "welcome to RKMG community. On that page click on Read more. To buy products and services, click on to ecommerce and you will find all products being displayed. Here you are required to place order for the products at competitive prices as per your choices. You may contact at the below given franchisee for further clarification.

Pradeep Kumar Satpaty

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65






Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

FANCY MATTRESS
30% से 50% लेस
किस्तों में ले जायें ।
तैयार मिलते है।
SOFA CUM BED बीन बैग
रुई गद्दा 200 से 2000/- तक
पुराना गद्दा लायें नया ले जाये।
हर साईज में, हर क्वालिटी में, हर बजट में उपलब्ध
संजय रुई भंडार
पंडरी मेन रोड, रायपुर
7987081626, 7987918262

## खास खबर

### जन्म से लेकर 16 वर्ष तक के बच्चों के लिए हर टीका है जरूरी

**रायपुर।** बच्चे के जन्म के साथ समय-समय पर उसका टीकाकरण करवाना आवश्यक है। नियमित टीकाकरण न करवाने वाले बच्चे जानलेवा बीमारी से ग्रसित हो सकते हैं। जन्म से लेकर 16 साल तक की उम्र तक बच्चे के लिए हर टीका बहुत जरूरी है, क्योंकि यह उसे कई गंभीर बीमारियों से बचाता है। राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. वी.आर. भगत ने बताया कि सम्पूर्ण टीकाकरण शिशुओं के जीवन और भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए सुरक्षा कवच का काम करता है। अपने शिशुओं को सभी टीके लगवाकर हम अपने समुदाय के सबसे अधिक जोखिमग्रस्त सदस्य नवजात शिशु की सुरक्षा करते हैं। उन्होंने बताया कि एक समय हजारों बच्चों की जान लेने वाली बीमारियां जैसे पोलियो, स्मॉल पॉक्स आदि का उन्मूलन टीकाकरण के कारण किया जा सका है। आज टीकाकरण के कारण ही बच्चों में होने वाली अन्य बीमारियां भी उन्मूलन के कगार पर हैं।

डॉ. भगत ने बताया की शिशुओं को जन्म पर बीसीजी, ओपीवी-0, हेपेटाइटिस-बी-0 का टीका लगाया जाता है। 6 हफ्ते या डेढ़ महीने का होने पर शिशु को ओपीवी-1, रोटा-1, एफ्आईपीवी-1, पेंटावेलेंट-1 और पीसीवी-1 का टीका लगाया जाता है। वहीं 10 हफ्ते या ढाई महीने में ओपीवी-2, रोटा-2, पेंटावेलेंट-2 का टीका, 14 हफ्ते या साढ़े तीन महीने में ओपीवी-3, रोटा-3, एफआईपीवी-2, पेंटावेलेंट-3 और पीसीवी-2 का टीका, नौवें महीने में एमआर-1, पीसीवी-बूस्टर, विटामिन- की प्रथम खुराक, 16-24 महीने में डीपीटी बूस्टर-1, ओपीवी-बूस्टर, एमआर-2, विटामिन- की द्वितीय खुराक एवं 5-6 साल में डीपीटी-बूस्टर-2, 10 साल एवं 16 साल की उम्र में टीडी का टीका लगाया जाता है। गर्भवती महिलाओं को भी टीडी के दो टीके गर्भधारण के तुरंत बाद तथा उसके एक महीना बाद लगाया जाता है। सभी टीके शासकीय चिकित्सालयों में नि:शुल्क लगाए जाते हैं।

### चक्रवाती तूफान के प्रभाव से छत्तीसगढ़ में आज होगी बारिश, गिरेगा तापमान

**रायपुर।** बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती तूफान आसनी के प्रभाव से मंगलवार को प्रदेश के विभिन्ना क्षेत्रों में बारिश होने की संभावना है। साथ ही अधिकतम तापमानों में भी गिरावट आएगी। मौसम विभाग का कहना है कि चक्रवाती तूफान मंगलवार तक उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक पहुंचेगा। 24 घंटों में इसके कमजोर होने की उम्मीद है। आसनी का असर प्रदेश के विभिन्ना क्षेत्रों में दिखेगा। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि प्रदेश में इन दिनों दक्षिण से हवाएं आ रही है। इसके प्रभाव से तापमान में गिरावट आई है, लेकिन लोगों को गर्मी से कोई राहत नहीं है। अभी कुछ दिनों तक मौसम का मिजाज इसी प्रकार के रहने की उम्मीद है। प्रदेश में इन दिनों मौसम का मिजाज बदलने की वजह से विभिन्ना क्षेत्रों में तापमान में गिरावट आई है, लेकिन दोपहर की तपिश काफी बढ़ गई है। सोमवार को राजधानी समेत प्रदेश के विभिन्ना क्षेत्रों का अधिकतम तापमान सामान्य रहा। न्यूनतम तापमान में भी विशेष बदलाव नहीं हुआ। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान दुर्ग में 42.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि चक्रवाती तूफान आसनी पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे दक्षिण बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित है। यह मंगलवार तक उत्तर पश्चिम की ओर आगे बढ़ेगा और उत्तर आंध्रप्रदेश व ओडिशा तटों से दूर होगा। इसके बाद उत्तर पूर्व की ओर मुड़ने और उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी की ओर आगे बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि यह चक्रवाती तूफान अगले 24 घंटों के दौरान कमजोर होने के आसार है।

### धरना स्थल बदले जाने के विरोध में भाजयुमो ने किया कलेक्ट्रेट का घेराव


**रायपुर।** बूढ़ातालाब के पास स्थित धरना स्थल को बदला जाने के विरोध में राजनीतिक दल खड़े होने लगे है। सोमवार को ऐसे ही विरोध के स्वर के बीच भाजयुमो ने कलेक्ट्रेट परिसर का घेराव कर कलेक्टर और एसपी से अपनी बात कही। विरोध-प्रदर्शन के बीच सुरक्षा के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस बल को भी तैनात कियागया था। भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष अमित साहू के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर का घेराव किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी ने प्रशासन के कदम की आलोचना करते हुए कहा कि शहर के बीचों-बीच जनता को धरना देने का अधिकार है।

# भेंट-मुलाकात अभियान

## राजीव गांधी किसान न्याय योजना की एक भी शिकायत नहीं मिली: भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात अभियान के छठवें दिन सूरजपुर में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि राजस्व अमले को निचले स्तर पर काम करने की जरूरत है, राजस्व रिकार्ड की दुरुस्ती और नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन उचित ढंग से समय सीमा पर पूर्ण हों। वन अधिकार का पट्टा वितरण में यह ध्यान रखें कि हितग्राहियों को वास्तविक कब्जा पर पट्टा मिले। यह भी सावधानी रखें कि वास्तविक हितग्राही को ही 'वन अधिकार पट्टा वितरित किया जाए। इस अवसर पर विधायक एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष खेलसाय सिंह, संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े और मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान 6 दिनों में सरगुजा संभाग के 5 विधानसभा क्षेत्रों सामरी, रामानुजगंज, प्रतापपुर, भटगांव और प्रेमनगर में 20 स्थानों का दौरा किया। मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में कहा कि नरवा योजना का लाभ मैदानी स्तर पर दिख रहा है। नरवा प्रोजेक्ट में तेजी से कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पंचायतों में काम सुधारने की जरूरत है। गांवों के भ्रमण के दौरान राजीव गांधी किसान न्याय योजना की एक भी शिकायत नहीं मिली। इसी तरह गोधन न्याय योजना में खरीदी से लेकर राशि वितरण तक की प्रक्रिया में सब ठीक है। गौठान में स्व सहायता समूह अच्छा काम कर रहे हैं। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल की सभी जगह तारीफ हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग में बहुत कार्य करने की जरूरत है। सुमेरपुर में टीचर नहीं जाते, बिहारपुर में एवजीदार पढ़ा रहे हैं। इसमें सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अधिकांश अधिकारी अच्छा काम रहे हैं। जहां गड़बड़ी हो रही है, वहां सुधारने की जरूरत है।



## थोडा, थांगता और एथेलिमा फाइटिंग गेम्स के खिलाड़ी को दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता




भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान सूरजपुर में खिलाड़ी चंदन वुशु ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से की मुलाकात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के 6वें दिन सूरजपुर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिलने के बाद थोडा, थांगता और एथेलिमा फाइटिंग गेम्स के खिलाड़ी चंदन वुशु की मुराद पूरी हो गई है। खिलाड़ी चंदन वुशु की मांग पर मौके पर ही 2 लाख रूपए आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। दरअसल 18 वर्षीय रुनियाडीह निवासी खिलाड़ी चंदन वुशु आज सूरजपुर स्थित सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री बघेल से सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने बताया कि वे थोडा, थांगता और एथेलिमा जैसे फाइटिंग गेम्स के खिलाड़ी है और राष्ट्रीय स्तर की कई प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया है। थोडा खेल में हिमाचल प्रदेश के शिमला में उन्होंने दूसरा स्थान प्राप्त किया था। चंदन वुशु ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे गरीब किसान परिवार का बेटा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश की तरफ से नेशनल कंपीटिशन में खेलने जाने का खर्चा ज्यादा होता है। राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में चयन होने के बाद भी खुद के खर्च पर खेलने जाना संभव नही हो पा रहा है। चंदन ने बताया कि 11 मई को रायपुर में पंकरेशन एथेलिमा की स्पर्धा में खेलने जाना है। चंदन ने मुख्यमंत्री से खेलने जाने और ठहरने आदि व्यवस्था के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खिलाड़ी चंदन वुशु की मांग पर आवश्यकता को महसूस करते हुए 2 लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने की स्वीकृति दी।

## सूरजपुर में पत्रकार भवन के लिए 25 लाख रूपए की मंजूरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने भेंट-मुलाकात अभियान के दौरान सूरजपुर में प्रेसवार्ता में पत्रकारों से रूबरू हुए और उन्हें शासकीय योजनाओं और उसके जिले में क्रियान्वयन की स्थिति से अवगत कराया। इस अवसर पर श्री बघेल ने सूरजपुर में पत्रकार भवन के लिए 25 लाख रूपए देने की घोषणा की और पत्रकार भवन के लिए कलेक्टर को भूमि चिन्हांकित करने के निर्देश दिए।



श्री बघेल ने योजनाओं की धरातल पर स्थिति पर बात करते हुए कहा कि योजनाएं अच्छी चल रही हैं। राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, गोधन न्याय योजना और स्वामी आत्मानन्द स्कूल योजना अच्छे से संचालित हो रहे हैं। राजस्व से संबंधित शिकायतें मिली हैं, उनका निराकरण शुरू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रशासन में कसावट लाने के लिए ऑनलाइन कॉल सेंटर खोल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का काम किया जा रहा है। गौ मूत्र के संग्रहण, उसके भंडारण प्रोसेसिंग, खरीदी रेट, बने उत्पादों के लिए मार्केट और इन सब के लिये आंकलन करने कमेटी बनाई है। गो मूत्र खरीदी की योजना पर प्रोजेक्ट रिपोर्ट बन रही है। गोबर और गौ मूत्र के उपयोग से गौ धन का महत्व बढ़ेगा।


## राज्य में अब तक लक्ष्य का एक तिहाई से अधिक 6.98 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण

### अभी 7.82 लाख संग्राहकों द्वारा लगभग 280 करोड़ रूपए के तेन्दूपत्ता का हो चुका संग्रहण

### लगभग 13 लाख परिवारों को मिलेगा तेन्दूपत्ता संग्रहण का लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में चालू वर्ष 2022 के दौरान अब तक 6 लाख 97 हजार 827 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण हो चुका है, जो लक्ष्य 17 लाख 32 हजार 440 मानक बोरा का लगभग 40 प्रतिशत है। इनमें तेन्दूपत्ता संग्राहकों को कुल भुगतान योग्य राशि 279 करोड़ रूपए से अधिक हैं। इसका संग्रहण 7 लाख 81 हजार 732 तेन्दूपत्ता संग्राहकों द्वारा किया गया है। चालू वर्ष के दौरान अब तक गरियाबंद वनमंडल में सर्वाधिक 71 हजार 576 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण हुआ है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्कदर्शन में राज्य में तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य सुचारू रूप से जारी है।



राज्य लघु वनोपज संघ से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जगदलपुर वनवृत्त के अंतर्गत वनमंडल बीजापुर में 27 हजार 722 संग्राहकों द्वारा 15.35 करोड़ रूपए के 38 हजार 384 मानक बोरा, सुकमा में 34 हजार संग्राहकों द्वारा 36.52 करोड़ रूपए के 66 हजार 302 मानक बोरा, दंतेवाड़ा में 19 हजार 444 संग्राहकों द्वारा 7.36 करोड़ रूपए के 18 हजार 393 मानक बोरा तथा जगदलपुर में 40 हजार 183 संग्राहकों द्वारा 6.27 करोड़ रूपए के 15 हजार 676 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण हो चुका है। इसी तरह कांकेर वनवृत्त के अंतर्गत वनमंडल दक्षिण कोण्डागांव में 33 हजार 945 संग्राहकों द्वारा 6.80 करोड़ रूपए के 17 हजार मानक बोरा, केशकाल में 33 हजार 145 संग्राहकों द्वारा 10.22 करोड़ रूपए के 25 हजार 553 मानक बोरा, नारायणपुर में 15 हजार 416 संग्राहकों द्वारा 9 करोड़ रूपए के 22 हजार 978 मानक बोरा, पूर्व भानुप्रतापपुर में 14 हजार 170 संग्राहकों द्वारा 8.33 करोड़ रूपए के 20 हजार 814 मानक बोरा, पश्चिम भानुप्रतापपुर में 2587 संग्राहकों द्वारा 1.97 करोड़ रूपए के 4932 मानक बोरा तथा कांकेर में 33 हजार 846 संग्राकों द्वारा 11 करोड़ रूपए के 27 हजार 652 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण किया गया है।

दुर्ग वनवृत्त के अंतर्गत वनमंडल राजनांदगांव में 37 हजार 995 संग्राहकों द्वारा 11.71 करोड़ रूपए के 29 हजार 278 मानक बोरा, खैरागढ़ में 23 हजार 922 संग्राहकों द्वारा 9.69 करोड़ रूपए के 24 हजार 213 मानक बोरा, बालोद में 21 हजार 352 संग्राहकों द्वारा 7.18 करोड़ रूपए के 17 हजार 955 मानक बोरा तथा कवर्धा में 31 हजार 421 संग्राहकों द्वारा 10 करोड़ रूपए के 25 हजार मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण हो चुका है। रायपुर वनवृत्त के अंतर्गत वनमंडल धमतरी में 26 हजार 107 संग्राहकों द्वारा 7 करोड़ रूपए के 19 हजार 345 मानक बोरा, गरियाबंद में 70 हजार 303 संग्राहकों द्वारा 28.63 करोड़ रूपए के 71 हजार 566 मानक बोरा, महासमुंद में 22 हजार 937 संग्राहकों द्वारा 23 करोड़ रूपए के 57 हजार मानक बोरा तथा बलौदाबाजार में 18 हजार 114 संग्राहकों द्वारा 5.40 करोड़ रूपए के 13 हजार 489 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण किया गया है।

## उबर कप प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की आकर्षी कश्यप ने जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह



**रायपुर।** थाईलैंड में खेली जा रही उबर कप प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की आकर्षी कश्यप ने दूसरे मैच में शानदार जीत दर्ज की। आकर्षी ने अमेरिका की एस्तेर शिया को दो राउंड में 21-18, 21-11 से हराया। दोनों के बीच यह मुकाबला 34 मिनट तक चला। भारत का अगला मैच कल कोरिया के साथ खेला जाएगा। दो जीत के साथ भारतीय दल ने क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली है।

इससे पहले मैच में आकर्षी कश्यप ने पहला गेम गंवाने के बाद 17-21, 21-18, 21-17 से 50 मिनट में मैच जीतकर भारत को 2-1 की बढ़त दिलाई। इस जीत के साथ भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने कनाडा को 4-1 से हराते हुए जीत के साथ खाता खोला है। 10 मई को भारत का मुकाबला अमेरिका से होगा। मैच जीतने के बाद आकर्षी ने कहा कि उन्हें बेहद खुशी है कि टीम का हिस्सा बनकर देश के लिए एक अंक अर्जित किया। उल्लेखनीय है कि महिला विश्व टीम चैंपियनशिप के रूप में मशहूर इस प्रतियोगिता में भारत को ग्रुप-डी में रखा गया है। दल में पीवी सिंधु भी शामिल हैं।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# महेश बाबू का एलान, 'जिसको हिंदी में देखना हो डब करके देख ले, मैं सिर्फ तेलुगू में फिल्में बनाऊंगा'

महेश बाबू का थिएटर। महेश बाबू की प्रोडक्शन कंपनी। महेश बाबू के फैंस और महेश बाबू की बतौर निर्माता पहली हिंदी फिल्म 'मेजर'। अभिनेता अदिवि शेष की हिंदी और तेलुगू में बनी फिल्म 'मेजर' के यहां हैदराबाद में हुए ट्रेलर लॉन्च के मौके पर तेलुगू फिल्मों के अभिनेता महेश बाबू के जलवे हर तरफ नजर आए। महेश बाबू ने इसका पूरा आनंद भी लिया। पूरे समारोह में और उसके बाद अलग से हुए प्रेस कांफ्रेंस में भी वह या तो तेलुगू में बोले या अंग्रेजी में। हिंदी का एक भी शब्द उनके मुंह से नहीं निकला। पूछा गया कि हिंदीभाषी दर्शकों के लिए बतौर निर्माता तो उन्होंने फिल्म बना ली, अब बतौर अभिनेता वह पहली हिंदी फिल्म कब बनाएंगे, तेलुगू में जवाब आया कि फिल्में तो वह तेलुगू में ही करेंगे, हिंदी वाले चाहें तो उसे डब करके देख लें। एक और सवाल के जवाब में उन्होंने यहां तक कहा कि हिंदी सिनेमा बनाने वालों के भीतर उनसे काम करवा पाने की कूवत नहीं है। गौरतलब है कि तेलुगू में हिट होने के बाद विजय देवराकोंडा अपनी पहली हिंदी फिल्म पूरी कर चुके हैं। अभिनेता राम चरण के भी संजय लीला भंसाली के साथ हिंदी फिल्म करने की खबरें आती रही हैं।



### असली रौनक रहे महेश बाबू

महेश बाबू का हैदराबाद में उनकी फिल्म प्रोडक्शन कंपनी की फिल्म 'मेजर' का ट्रेलर लॉन्च उनके ही मल्टीप्लेक्स में हुआ। हैदराबाद के अलावा बेंगलुरू, मुंबई और दिल्ली व अन्य शहरों से पत्रकारों को उनका जलवा देखने के लिए बुलाया गया। जैसा कि हैदराबाद की परंपरा है, यहां के सितारों के कार्यक्रम में उनके फैंस भर भर कर बुलाए जाते हैं। वे चीखते हैं, चिल्लाते हैं और ये जाहिर करने की कोशिश करते हैं कि उनके पसंदीदा सितारे जैसा दूसरा सितारा कोई नहीं। फिल्म 'मेजर' के ट्रेलर रिलीज पर भी यही हुआ। अदिवि शेष ने फिल्म में शहीद संदीप उन्नीकृष्णन का रोल निभाने से लेकर इस फिल्म को बनाने के लिए संदीप के माता पिता की अनुमति लेने तक के किस्से सुनाए। साई मांजरेकर ने इसे अपने लिए अहम मौका बताया। फिल्म के निर्माता निर्देशक ने भी फिल्म की खूब बड़ाई की। लेकिन, इस शाम की असल रौनक रहे महेश बाबू।

### हिंदी का एक शब्द नहीं बोले महेश बाबू

महेश बाबू ने पहले स्थानीय पत्रकारों से थिएटर में बात की। फिर मुंबई, दिल्ली से आए 'हिंदी' पत्रकारों के लिए अलग से सवाल जवाब का सत्र रखा गया, लेकिन उनके फैंस वहां भी घुस आए और लगातार शोर मचाते रहे। हैरत की बात ये रही कि हिंदी पत्रकारों के लिए अलग से रखी गई इस प्रेस कांफ्रेंस में भी महेश बाबू हिंदी का एक शब्द नहीं बोले। उनसे हिंदी सिनेमा को लेकर उनसे बार बार सवाल हुए। वह सलमान खान को अपनी पत्नी नम्रता शिरोडकर का मित्र बताते रहे और कहा कि उन्होंने सलमान को 'मेजर' का हिंदी ट्रेलर रिलीज करने के लिए तैयार किया। बाद में इसमें अदिवि शेष का नाम भी जुड़ा। सलमान खान ने महेश बाबू की फिल्म 'पोकिरी' के हिंदी रीमेक 'वांटेड' से अपनी सेकंड इनिंग्स को कभी मजबूती दी थी।

### किसी कलाकार पर कोई पाबंदी नहीं

महेश बाबू को लेकर हाल ही में खबरें ये उड़ीं कि उन्होंने एस एस राजामौली के साथ प्रस्तावित अपनी अगली फिल्म में किसी हिंदी फिल्म की हीरोइन को लेने से मना कर दिया है। इस बारे में सवाल होने पर वह कहते हैं, 'किसी के लिए भी तेलुगू सिनेमा में रोक नहीं है। जिसको आना है वह आए और काम करे। हमारे दरवाजे सबके लिए खुले हैं।' लेकिन वह हिंदी फिल्म नहीं करेंगे, ये उनका पक्का फैसला है। महेश बाबू कहते है, 'मैं सिर्फ तेलुगू सिनेमा करूंगा। हिंदी में इसे डब करके रिलीज कर लो। मैं पिछले 10 साल से कहता आ रहा हूं कि तेलुगू सिनेमा को पूरे देश में रिलीज किया जाना चाहिए। और, मेरी बात अब सच साबित हो रही है। लोगों ने बता दिया कि वह तेलुगू सिनेमा को पूरे देश में पसंद करते हैं।

### बॉलीवुड कान्ट अफोर्ड मी

उनके इस पुराने बयान पर जब उनकी राय पूछी गई कि वह पैन इंडिया स्टार कहलाने की बजाय तेलुगू सुपरस्टार कहलाना ज्यादा पसंद करते हैं, महेश बाबू ने अपने बयान में इस बार थोड़ा सुधार किया। उन्होंने कहा, 'मैंने ये कभी नहीं कहा कि मैं पैन इंडिया स्टार वाली या पूरे देश में पसंद की जाने वाली फिल्में नहीं करूंगा। मेरा तब भी यही कहना था और आज भी यही कहना है कि मैं सिर्फ तेलुगू फिल्में करूंगा। बॉलीवुड सिनेमा मैं नहीं करूंगा। बॉलीवुड सिनेमा के बस का भी नहीं है कि वे मेरे साथ फिल्में कर सकें (बॉलीवुड कान्ट अफ्फ़ेर्ड मी)।

### गुरुवार को रिलीज होगी नई फिल्म

मशहूर अभिनेता कृष्णा के बेटे और अभिनेता रमेश बाबू के छोटे भाई महेश बाबू का पूरा नाम घट्टामनेनी महेश बाबू है। नानी के पास उनका बचपन बीता और अधिकतर समय वह चेन्नई में ही रहे। बहुत चुनिंदा फिल्मों में काम करने वाले महेश बाबू का नाम उत्तर भारतीय दर्शकों के बीच तब चर्चा में आया, जब उनकी सुपरहिट फिल्म 'पोकिरी' को सलमान खान ने हिंदी में 'वांटेड' के नाम से बनाया। 46 साल के हो चुके महेश बाबू की खासियत ये है कि तमाम निर्देशकों के कहने के बाद भी उन्होंने कभी 'पैन इंडिया स्टार' बनने के लिए अतिरिक्त कोशिशें करने को हां नहीं की। वह आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के अपने प्रशंसकों के बीच ही खुश रहना चाहते हैं। उनकी अगली फिल्म 'सरकारु वारी पाटा' गुरुवार को रिलीज हो रही है।

# 12 साल के लिव इन के बाद अब शादी करेंगी पायल रोहतगी, घरवालों की खुशी के लिए किया फैसला



अक्सर अपने विवादित बयानों को लेकर चर्चाओं में रही पायल रोहतगी लॉकअप से बाहर आ चुकी हैं। बाहर आते ही उन्होंने अपनी शादी का ऐलान भी कर दिया है। संग्राम सिंह लॉकअप में आकर उन्हें प्रपोज भी कर चुके हैं। पायल रोहतगी अपने साथी संग्राम के साथ पिछले बारह साल से रह रही है। अपने विवादित बयानों के चलते पायल रोहतगी असल जिंदगी में भी लॉकअप की हवा खा चुकी हैं। और अब वह एकता कपूर के शो 'लॉक अप' से भी बाहर आ चुकी हैं। वह कहती हैं, 'जब आप एक बार जेल चले जाते है तो आपके दिमाग में यह विचार बार बार आता ही है, कि ऐसी कोई नौबत दोबारा न आने पाए कि आप को जेल जाना पड़े। मैं नहीं चाहती हूं कि कभी ऐसा काम करूं कि मुझे जेल फिर से जाना पड़े।'

पायल रोहतगी कहती हैं, 'इस लोकतंत्र में अपनी बात कहने का अधिकार सबको है। सबको पता है कि मैं खुले विचारों वाली हूं और स्पष्ट तौर पर अपनी बात रखती हूं। मैं कोई भी बात रखने से पहले उसके बारे में जानकारी इकट्ठा करती हूं उसके बाद उस पर अपनी राय व्यक्त करती हूं क्योंकि मुझे पता है कि हमारे देश में अपनी बात रखने का अधिकार सबको है। यह एक इंसान के अस्तित्व पर भी काफी कुछ निर्भर करता है।'

पायल रोहतगी के मुताबिक संग्राम सिंह को वह बारह साल से जानती हैं। वह कहती हैं 'हमारी सगाई भी हो चुकी और हम एक ही साथ रहते हैं। हम दोनों सीधे सरल परिवार से हैं। हमारे परिवार के अपने संस्कार और नैतिक मूल्य हैं। हमारे परिवार के लोग हमसे कुछ अपेक्षा रखते हैं। पश्चिमी देशों से ज्यादा हम अपने परिवार को महत्व देते हैं। इस लिए अब समय आ गया है कि अपने परिवार की खुशी के लिए शादी कर लें।'

शादी के लिए उन्होंने कोई तारीख तो नहीं बताई लेकिन पायल रोहतगी कहती हैं, 'रिश्ता दिल से होता है। कागज के टुकड़ों का क्या? वह तो छह महीने में ही फट जाता है। अब हमारे परिवार के लिए हमारी शादी मायने रखती है तो कर लेंगे। पंद्रह साल के उतार चढ़ाव भरे करियर और बारह साल रिलेशनशिप में रहने के बाद अब हमें भी लग रहा है कि ये सही समय शादी करने का और ये धमाकेदार खबर आपको जल्दी मिलेगी।

# 'सीता रामम' का फर्स्ट लुक आया सामने, ट्रेडिशनल अवतार में बेहद खूबसूरत लगीं मृणाल ठाकुर



टीवी से फिल्मों तक अपना सफर शुरू करने वाली मृणाल ठाकुर को हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'जर्सी' में शाहिद कपूर के अपोजिट देखा गया था। यह फिल्म भले ही बड़े पर्दे पर फ्लॉप रही हो लेकिन दर्शकों से लेकर सेलेब्स तक ने शाहिद और मृणाल दोनों के अभिनय की जमकर तारीफकी थी। अब अभिनेत्री मृणाल जल्दी ही दक्षिण भारतीय सिनेमा में भी कदम रखने को तैयार हैं। वह फिल्म 'सीता रामम' में अभिनेता दलकीर सलमान के साथ दिखाई देने वाली हैं और फिल्म के सेट से फर्स्ट लुक भी सामने आ चुका है।

### नए लुक में बेहद खूबसूरत लगीं मृणाल ठाकुर

मृणाल ठाकुर उन अभिनेत्रियों में से हैं जो ऑन और ऑफस्क्रीन दोनों जगह दिलों को जीतना जानती हैं। फिल्म 'सीता रामम' के नए लुक में भी वह हरे रंग के भारतीय आउटफिट में बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। फिल्म का रोमांटिक फर्स्ट लुक के दिलों पर कब्जा करने के लिए तैयार है। जानकारी के मुताबिक फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और कल इसका पहला सिंगल भी रिलीज किया गया था। हालांकि यह अभी हिंदी भाषा में उपलब्ध नहीं है।

### मृणाल के पास हैं कई प्रोजेक्ट

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर पहले जी टीवी के चर्चित शो कुमकुम भाग्य में बुलबुल अरोड़ा के किरदार के लिए जानी जाती थीं। फिलहाल अब वह बॉलीवुड के साथ साउथ सिनेमा में भी अपने पांव जमाने की कोशिश कर रही हैं और उन्हें एक तेजी से उभरती हुई नायिका के रूप में देखा जा सकता है। उनके हाथ में अभी कई प्रोजेक्ट हैं। जानकारी के मुताबिक, वह ईशान खट्टर के साथ 'पीपा' और साउथ की एक और फिल्म 'थड़ाम' के हिंदी रीमेक में नजर आने वाली हैं। मृणाल ने रामनवमी के अवसर पर अपने फिल्म सीता रामम के बारे में जानकारी देते हुए पोस्टर भी शेयर किया था और उन्होंने दलकीर सलमान के साथ ही रश्मिका मंदाना को भी टैग किया था। मालूम हो कि इस फिल्म में रश्मिका भी अहम किरदार में नजर आने वाली हैं। फिल्म 'सीता रामम' को तेलुगू, तमिल, मलयालम के साथ ही हिंदी में भी रिलीज किया जाएगा। हालांकि अभी रिलीज की तारीख सामने नहीं आई है। यह फिल्म एक रोमांटिक ड्रामा होगी।

## डॉ. स्ट्रेंज का पहले ही सोमवार को सरेंडर

# बॉक्स ऑफिस पर तिहाई से भी कम कमाई

निर्देशक सैम रैमी की मार्वल सिनेमैटिक यूनीवर्स के लिए बनाई गई नई फिल्म 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनस' का सोमवार को भारतीय बॉक्स ऑफिस पर धुआं निकल गया। शुक्रवार को रिलीज हुई इस फिल्म ने रिलीज के पहले सोमवार को ही मैदान छोड़ने के संकेत दे दिए हैं और अब इसकी हालत दिनोंदिन और खराब होती ही दिख रही है। फिल्म के पिछले ती नसे लगातार गिर रहे कलेक्शन को सोमवार को सबसे बड़ा झटका लगा और ये फिल्म रविवार के मुकाबले सोमवार को एक तिहाई के करीब कमाई पर आकर अटक गई। फिल्म 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनस' को एमसीयू के प्रशंसकों ने जिस तेजी से नकारा है उसके चलते इसका कलेक्शन हफ्ते के बाकी दिन अभी और गिरने के आसार दिख रहे हैं।



### डिज्नी इंडिया ने जारी किए आधिकारिक आंकड़े

फिल्म 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनस' को भारत में रिलीज करने वाली कंपनी डिजनी इंडिया ने सोमवार को फिल्म के पहले वीकएंड के आधिकारिक आंकड़े भी जारी किए। इसके हिसाब से फिल्म पहले वीकएंड में सौ करोड़ रुपये का ग्रॉस बॉक्स ऑफिस कलेक्शन करने से तो चूकी ही फिल्म का नेट कलेक्शन भी पहले वीकएंड पर 80 करोड़ रुपये से नीचे ही रह गया। फिल्म को लेकर दर्शकों में बने क्रेज का ही नतीजा रहा कि फिल्म इस साल की सबसे बड़ी ओपनिंग लेने वाली फिल्म बनी और इसकी ओपनिंग और पहले वीकेंड की कमाई भी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हॉलीवुड फिल्मों में चौथे नंबर पर रही।

### कातिल साबित हुआ पहला सोमवार

लेकिन, फिल्म 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनस' के लिए रिलीज का चौथा दिन कातिल सोमवार साबित हुआ है। डिज्नी इंडिया के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने रिलीज के पहले दिन यानी शुक्रवार को 28.35 करोड़ रुपये, शनिवार को 25.75 करोड़ रुपये और रविवार क 25.40 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन भारत में सारी भाषाओं के संस्करणो को मिलाकर किया है। फिल्म का नेट कलेक्शन पहले वीकेंड पर 79.50 करोड़ रुपये रहा। आशंका जताई जा रही थी कि एडवांस बुकिंग का खुमार उतरने के बाद फिल्म 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनस' का कलेक्शन सोमवार को तेजी से नीचे गिरेगा और हुआ भी वही।

शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक फिल्म 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफमैडनस' ने सोमवार को भारत में सभी भाषाओं के संस्करणों को मिलाकर सिर्फ आठ करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया है। इसमें अंग्रेजी भाषा का योगदान करीब छह करोड़ रुपये और करीब पौने दो करोड़ रुपये का योगदान हिंदी भाषा के संस्करण ने किया है। फिल्म का सोमवार को हुआ ये कलेक्शन रविवार के कलेक्शन के मुकाबले एक तिहाई से भी कम पर आ गया है और ये फिल्म को भारत में रिलीज करने वाली कंपनी डिज्नी इंडिया के लिए काफी चिंता की बात हो गई है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

हरे कृष्णा S.S.D हरे रामा
firstcare of Kids
Rajendra Choithramani
Mob. 9111830803
न्यू नन्हे उस्ताद Kids Wear
Specialist of all Kinds of Kid's Wear, Cosmetics, Toys & Many More...
हमारे प्रतिष्ठान में अनुभवी कर्मचारियों की आवश्यकता है
पता : मढ़रिया कामप्लेक्स के सामने, आदर्श नगर, दुर्ग (छ.ग.)

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

SHRI SAI COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS XI XII B.COM CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

कलश ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषण के निर्माता एवं विक्रेता
हमारे यहां उचित ब्याज पर गिरवी रखी जाती है।
देवांगन होटल के बाजू में, मुक्तिधाम रोड, रामनगर, भिलाई, जिला-दुर्ग
9074621825

भोलू मोबाईल रिपेयरिंग एवं साफ्टवेयर
सभी प्रकार के मोबाईल रिपेयरिंग किया जाता है
(All IC Work)
मो. - 87199 99358 9131918132
शॉप नं.-148, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### आत्मनिर्भर भारत समिट रायपुर स्मार्ट सिटी के आईटीएमएस प्रोजेक्ट को मिला इनोवेशन अवार्ड

**रायपुर।** आत्मनिर्भर भारत समिट में अर्बन डेवलपमेंट एण्ड स्मार्ट सिटीस के अंतर्गत रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रोजेक्ट इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर को इनोवेशन अवार्ड प्राप्त हुआ है यह अवार्ड टेक्सटाइल मंत्रालय भारत सरकार के सचिव यू.पी. सिंह द्वारा प्रदान किया गया। सम्मेलन का आयोजन नई दिल्ली में हुआ, जिसमें देश भर के स्मार्ट सिटी और विभागों ने भाग लिया। समिट में पुरस्कृत दक्ष प्रणाली यातायात प्रबंधन, लोक सुरक्षा व सेवा विस्तार की एकीकृत प्रणाली है, यातायात प्रबंधन, अपराध नियंत्रण में इसकी उपयोगिता बहुत महत्वपूर्ण है। राजधानी रायपुर में इस प्रणाली की शुरूआत मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा फरवरी 2019 में की गई। आई.टी.एम.एस. (इंटेलिजेंस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम), टी.ई.एस. (ट्रैफिक इंफोर्समेंट सिस्टम), एस.एस. (सर्वेलांस सिस्टम) व इंटीग्रेटेड सिटी कमाण्ड व कंट्रोल सेंटर आई.सी.सी.सी. की एकीकृत प्रणाली के द्वारा नागरिक सुरक्षा व यातायात के बेहतर प्रबंधन के साथ ही नागरिक सुविधाओं में क्रांतिकारी बदलाव आया है। इस प्रणाली के तहत 41 चौक चौराहों में हाई टेक सिग्नल लगाये गये हैं। ट्रैफिक सिग्नल के ऊपर स्मार्ट चार्जर स्थापित है, जो दिन में इन सिग्नलों को ऑपरेट कर बिजली की बचत करता है। शहर में स्थापित 20 स्मार्ट पोल से आपातकालीन स्थितियों में पुलिस सहायता प्राप्त होती है। फ्री - वाई फाई सुविधा के अलावा वेरिएबल मैसेज डिस्प्ले एवं पब्लिक एड्रेस सिस्टम के जरिये नागरिकों को अद्यतन सूचना संप्रेषण की सुविधा इसमें उपलब्ध है।

### सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पर मूल्यांकन करने पहुंची राष्ट्रीय एसटी आयोग की टीम

**रायगढ़।** वन अधिकार अधिनियम 2006 में प्रावधानित सामुदायिक वन संसाधन (सीएफआरआर) तथा पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम 1996 (पीईएसए) पर शोध एवं मूल्यांकन हेतु राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग व तीर फाउंडेशन की टीम 6 से 9 मई 2022 तक रायगढ़ प्रवास पर रहे। राष्ट्रीय अजजा आयोग द्वारा यह दायित्व के.एस.ध्रुव अन्वेषक डॉ.गजेन्द्र गुप्ता एवं योगेश अडकिने को सौंपा गया। रायगढ़ भ्रमण के दौरान अन्वेषक दल द्वारा एडीएम आर.ए.कुरूवंशी तथा डीएलसी के सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य गौरीशंकर राठिया, श्रीमती बिलास तिहारूराम सारथी, एसडीओ फारेस्ट रायगढ़ श्रीमती अनिता गुप्ता व एफआरए संबंधी अन्य अधिकारी-कर्मचारियों से मुलाकात कर पृथक-पृथक चर्चा की गयी।

# कच्चे माल की उपलब्धता और प्रभावी विपणन बहुत आवश्यक हैं : गडकरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली(पीआईबी)। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इस बात पर जोर दिया है कि परियोजनाओं के सफल समापन के लिए प्रमाणित प्रौद्योगिकी, आर्थिक व्यवहार्यता, कच्चे माल की उपलब्धता और प्रभावी विपणन बहुत आवश्यक हैं।**




सीएसआईआर-सीआरआरआई द्वारा गड्ढों की मरम्मत के लिए मोबाइल कोल्ड मिक्सर कम पेवर मशीन और पैच फिल मशीन का उद्घाटन करते हुए गडकरी ने कहा कि सड़क क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि निर्माण लागत को कम करना है और निर्माण की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। उन्होने कहा कि किसी भी प्रोद्योगिकी का पेटेंट पंजीकरण कराना मामले का अंत नहीं है बल्कि जब तक पेटेंट का व्यावसायीकरण न हो और उसका पूरा उपयोग नहीं हो जाता है, तब तक यह संगठन की जिम्मेदारी है कि वह नियमित रूप से अनुवर्ती कार्रवाई करते हुए इसे अंतिम समापन तक ले जाए।

गडकरी ने कहा कि विभिन्न कारणों से प्रणाली को प्रमाणित प्रौद्योगिकी को अपनाने में कुछ हिचकिचाहट रहती है। उन्होंने कहा कि नई प्रणालियों और प्रौद्योगिकियों को लागू करने के लिए संचार, समन्वय और सहयोग में पूरे तालमेल की आवश्यकता है। उन्होंने 1997 में नागपुर में सीमेंट-कंक्रीट की सड़क के निर्माण का डिजाइन तैयार करने के लिए सीएसआईआर को बधाई दी और कहा कि उन सड़कों में आज तक कोई गड्ढा नहीं देखा गया है। उन्होंने कहा कि सड़कों के निर्माण में स्टील और सीमेंट के विकल्प का इस्तेमाल करने के बारे में हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए।


केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि सड़क परिवहन और राजमार्ग क्षेत्र में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बढ़ते अनुप्रयोग से भारत की विकास यात्रा में बहुमूल्य योगदान मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में सस्ती, टिकाऊ और रिसाइकिल योग्य प्रौद्योगिकियों के उपयोग से भारत के मुख्य मार्गीय नेटवर्क का तेजी से निर्माण हो रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आने वाले दशकों में भारत का उत्थान विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार के माध्यम से ही निर्धारित किया जाएगा।

डॉ. जितेन्द्र सिंह ने बिटुमेन इमल्शन का उपयोग करते हुए ब्लैक टॉप लेयर निर्माण के लिए %मोबाइल कोल्ड मिक्सर कम पेवर के दो उपकरणों के योगदान और गड्ढों की मरम्मत के लिए पैच फिल मशीन का उल्लेख करते हुए कहा कि ये आत्मनिर्भर भारत के सटीक उदाहरण हैं क्योंकि दोनों ही उपकरण पूरी तरह देश में ही बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि 'कोल्ड मिक्सर' और 'पैच फिल मशीन' भारत के पहाड़ी राज्यों, विशेष रूप से पूर्वोत्तर क्षेत्र में सड़कों और राजमार्गों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# ग्रामीण क्षेत्रों के कार्यों को प्राथमिकता से लेने दिये निर्देश : सांसद महंत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा। कोरबा जिला खनिज न्यास संस्थान की शासी परिषद की बैठक कलेक्टर श्रीमती रानू साहू की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट स्थित विडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष में आयोजित की गयी। बैठक में सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय, पाली-तानाखार विधायक मोहितराम केरकेट्टा, कटघोरा विधायक पुरूषोत्तम कंवर वर्चुअल रूप से जुड़े। शासी परिषद की बैठक में रामपुर विधायक ननकीराम कंवर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल कंवर, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत सी.ई.ओ.नूतन कंवर सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी भी उपस्थित रहे। शासी परिषद की बैठक मे वर्ष 2022-23 के लिए विकास कार्यों की वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया।**




बैठक में कलेक्टर श्रीमती साहू ने जिला खनिज न्यास संस्थान के संचालन के नियमों और प्रावधानों की जानकारी सभी सदस्यों को दी। उन्होने कहा कि खनिज न्यास मद की 40 प्रतिशत राशि कोरबा जिले के लिए उपयोग की जाएगी। इस प्रकार कोरबा जिला खनिज न्यास संस्थान को लगभग दो सौ करोड रूपये से अधिक की राशि प्राप्त होंगे।

श्रीमती साहू ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 के लिए जिले में 943 करोड से अधिक की राशि की वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन किया गया। इस वर्ष शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों को प्राथमिकता देते हुए कार्ययोजना बनाई गयी है। श्रीमती साहू ने कहा कि खनन प्रभावित क्षेत्र में लोगो के गंभीर बीमारी के इलाज के लिए डी.एम.एफ में सहायता अनुदान की राशि सुरक्षित रखी जाती है, इसके लिए श्रीमती साहू ने सभी जनप्रतिनिधियों को अधिक से अधिक प्रस्ताव देने के लिए कहा। श्रीमती साहू ने कहा कि डी.एम.एफ मद की राशि से हेल्थ कैंप, प्राथमिक एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों के उन्नयन, शाला भवन के निर्माण एवं जीर्णोधार, प्रयोगशाला, पुस्तकालय आदि विकास योजनाओं को पूरा किया जाएगा। श्रीमती साहू ने कहा कि डी.एम.एफ मद से गौठानों में रीपा, कृषि वानिकी तथा अन्य उत्पादक गतिविधियों को भी बढावा दिया जावेगा। उन्होने शासी परिषद के सदस्यों से जर्जर आंगनबाडी का प्रस्ताव देने के लिए भी कहा ताकि बच्चों को अच्छी सुविधाएं दी जा सके।

बैठक में वर्चुअल रूप से जुडी सांसद श्रीमती महंत ने खनिज न्यास मद से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए विकास की कार्ययोजना बनाने के लिए कहा। उन्होने शिक्षा और स्वास्थ्य की बेहतरी के साथ ग्रामीण इलाकों में लोगों की सहुलियतों के लिए ज्यादा से ज्यादा विकास कार्य स्वीकृत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिले के ग्रामीण इलाकों में स्कूलों की मरम्मत, स्कूलों में आधारभूत सुविधाओं की बढ़ोत्तरी के अधिक से अधिक काम स्वीकृत किए जाएं। सदस्य के रूप में बैठक में वर्चुअल रूप से शामिल हुए विधायक पाली तानाखार श्री मोहितराम केरकेट्टा ने प्रस्तावित सभी कार्ययोजनाओं पर सहमति जताते हुए लक्ष्य अनुरूप कार्य करने के लिए कहा। श्री केरकेट्टा ने कहा कि बारिश के पहले यह बैठक होने से जनहित कार्यो को पूरा करने मे आसानी होगी। वर्चुअल रूप से जुडी राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पाण्डेय ने कहा कि प्रस्तावित कार्ययोजना मे शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं रोजगारउन्मुखी गतिविधियों को प्राथमिकता दी गयी है। इससे ग्रामीणों को विकास के मुख्य धारा से जोडने मे आसानी होगी। बैठक में शामिल हुए रामपुर के विधायक ननकीराम कंवर ने कार्ययोजना बनाकर नियमानुसार विकास कार्यो को पूरा करने के लिए कहा। श्री कंवर ने कहा कि सभी कार्ययोजनाएं शासी परिषद के द्वारा अनुमोदित की जाती है और किसी भी गलत कार्य पर शासी परिषद की ही जवाबदेही होती है। शासी परिषद के सदस्य श्री प्रशांत मिश्रा ने कहा कि डी.एम.एफ की राशि का उपयोग हाथी प्रभावित क्षेत्रों में मुआवजे के लिए भी करना चाहिए ताकि पीडितो को पर्याप्त मुआवजा मिल सके।

## अंतरराष्ट्रीय रेडक्रॉस डे पर साई कॉलेज सेक्टर 6 में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस डे के अवसर पर साईं कॉलेज सेक्टर 6 में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साई कॉलेज में रेड क्रॉस डे दिनांक 7 मई 2022 से 9 मई 2022 तक मनाया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन व जगरुग्ता रैली निकाली गई। सभी प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रेड क्रॉस डे हर साल 8 मई को मनाया जाता है सेलिब्रेशन की शुरुआत 7 मई 2022 को जागरूकता रैली के द्वारा की गई जिसमें कॉलेज के छात्र-छात्राओं के अलावा स्टाफने भी भाग लिया।

रैली साईं कॉलेज से शुरू होकर आसपास के क्षेत्रों से होकर वापस कॉलेज प्रांगण पहुंची। रैली के दौरान छात्रों ने नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक किया की स्वयं सेवा ही परम सेवा है। रैली की अध्यक्षता डिप्टी डायरेक्टर साईं कॉलेज डॉक्टर ममता सिंह के द्वारा की गई। 7 मई को रैली के अलावा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक था मानवता हेतु कार्य। छात्र-छात्राओं ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए बहुत ही सुंदर रंगोली बनाई व अपनी बुद्धिमता का प्रदर्शन किया। 9 मई 2022 को सेलिब्रेशन के अंतर्गत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सभी प्रतियोगिताओं की थीम रेड क्रॉस सोसाइटी के आदर्शों पर रखी गई थी। 9 मई 22 को कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के प्राचार्य डॉ डी बी तिवारी ने सभी प्राध्यापकों, आइक्यूएसी सेल को कॉलेज प्रबंधन को धन्यवाद दिया। और ये आश्वस्त कराया की इस तरह के कार्यक्रम भविष्य भी होते रहेंगे। सपूर्ण आयोजन में साइंस विभाग से डॉ सोनल खंडेलवाल असिस्टेंट प्रोफेसर, बायोटेक्नोलॉजी, डॉ प्रतिभा गुमास्ता, असिस्टेंट प्रोफेसर केमिस्ट्री, डॉ रूपा, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, केमिस्ट्री डिपार्टमेंट व अन्य विभागों के प्राध्यापकों ने अपना योगदान दिया जिसके फलस्वरूप दो दिवसीय विश्व रेडक्रॉस डे सफलतापूर्वक कॉलेज के द्वारा मनाया गया।

## एमआईसी ने किया दर का निर्धारण

# अब विवाह एवं अन्य समारोह के लिए 5 हजार में होगा गरीबों को भवन

श्रीकंचनपथ न्यूज

### पॉश कॉलोनी के क्लब हाऊस व सांस्कृतिक भवन को दिया जाएगा किराए पर



**रिसाली।** विवाह एवं अन्य सामाजिक, राजनैतिक और धार्मिक आयोजन के लिए निगम के सांस्कृतिक व मंगल भवन को किराए पर उपलब्ध कराया जाएगा। रिसाली नगर पालिक निगम के महापौर परिषद के सद्स्यों ने सोमवार को दर का निर्धारण किया। महापौर शशि अशोक सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में सबसे कम दर डुंडेरा स्थित सांस्कृतिक भवन का 5 हजार निर्धारण किया गया।

महापौर परिषद के सद्स्यों का कहना था कि डुंडेरा व आस पास के क्षेत्र में अधिकांश लोग श्रमिक वर्ग से है। आर्थिक रूप से कमजोर है। ऐसे लोगों को भी विवाह समारोह में भवन की आवश्यकता होती है।

निम्न मध्यम वर्ग के लिए रिसाली निगम ने मात्र 5 हजार में सांस्कृति भवन को उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। महापौर परिषद की हुई बैठक में सभापति केशव बंछोर, एमआईसी सद्स्य विलास राव बोरकर, सनीर साहू, अनूप डे, गोविन्द चतुर्वेदी, परमेश्वर, ईश्वरी साहू, सोनिया देवांगन, निगम आयुक्त आशीष देवांगन, कार्यपालन अभियंता सुशील बाबर समेत निगम सचिव रमाकांत साहू व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### नियमों की अनदेखी, अनुबंध होगा निरस्त

क्लब हाऊस समेत सांस्कृतिक व मंगल भवनों को किराए पर देने टेंडर किया जाएगा। इसके लिए दर का निर्धारण करते नियम बनाए गए है। जिसमें सफाई व्यवस्था से लेकर रख रखाव की जिम्मेदारी संचालनकर्ता पर होगी। नियमों की अनदेखी किए जाने पर एमआईसी अनुबंध को निरस्त कर सकता है।

### इस तरह होगा भवन का किराया

क्लब हाऊस लॉन समेत - 35 हजार प्रतिदिन, क्लब हाऊस - 25 हजार प्रतिदिन, सांस्कृतिक भवन - 10 हजार प्रतिदिन, मंगल भवन डुंडेरा - 5 हजार प्रतिदिन

### खाली प्लाट पर आई डी

परिषद के सद्स्यों ने इस बैठक में निगम के आय बढ़ाने पर मंथन किया। निर्णय लिया गया कि राजस्व विभाग प्रत्येक दुकान का आई डी जनरेट कर राजस्व वसूली करेगा। साथ ही खाली प्लाट से संपत्तीकर वसूली करने आई डी जनरेट किया जाएगा। इस कार्य के लिए राजस्व विभाग सर्वे करना शुरू कर दिया है।

### चार नग टैंकर की खरीदी

वर्तमान में निगम के कुछ इलाके में पेयजल के लिए पाइप लाइन फंड के अभाव में नहीं बिछ पाया है। घर-घर पानी पहुंचाने के लिए अमृत मिशन कार्य योजना-2 के तहत प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। तब तक के लिए रिसाली निगम 4 पानी टैंकर खरीदने का निर्णय लिया। प्रत्येक टैंकर 4500 लीटर का होगा। टैंकर खरीदने से शहर के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने में सुविधा होगी।

### इन विषयों पर भी हुई चर्चा

- शव वाहन खरीदने प्रस्ताव शासन को भेजा जाए।
- दशहरा मैदान रिसाली में अलग-अलग खेल गतिविधि संचालित करने योजना व प्रस्ताव तैयार किया जाए।
- सरकारी स्कूलों के मरम्मत के लिए सर्वे।
- लक्ष्मी नगर चैक में यूरिनल बनाने प्रस्ताव तैयार किया जाए।
- चोपड़ा पेट्रोल पंप के सामने तिराहा का सौंदर्यीकरण।

## मदर्स डे पर हुई स्लोगन व पोस्टर प्रतियोगिता

**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय में 'मदर्स डे' पर स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता में प्रांशु शर्मा प्रथम, थलेश्वरी साहू व रोशनी सिंह द्वितीय तथा स्वाती मिश्रा तृतीय रहीं। स्लोगन प्रतियोगिता में करण भारती प्रथम, योगेन्द्र बंछोर द्वितीय तथा रणजीत कुमार तृतीय रहे। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुशील चंद्राकर, कुलपति डॉ.एच.के.पाठक एवं कुलसचिव डॉ.वीरेन्द्र कुमार स्वर्णकार ने विजयी प्रतियोगियों को प्रोत्साहित किया।

अरिहंत इंटेरियर्स
वॉलपेपर, वुडन फ्लोरिंग, पीवीसी फ्लोरिंग
विंडोव ब्लाइंड्स, एक्रीलिक रेलिंग, आर्टिफिसियल ग्रास, पीवीसी पैनल, ग्लास फिल्म
शॉप नं.-23, नेहरू रोड, सुपेला, भिलाई, 9584400900

YOGESH COMPUTER Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware, CCTV Camera, Networking, Software
Yogesh Sirame Mo-9893342971 7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919 K. Satyanarayan

GREEN COMPUTER
Sales, Services, Repairs
Laptop Repairing, Printer, Desktop
7/2, Dakshin Gangotri, Supela, Bhilai
0788-4083385

Y Fitness
• Gym Servicing • Gym Equipment & Accessories Available • Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/- Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone, Samsung, MI, Oppo, Vivo, Nokia, HTC, Blue tooth Charger, Power Bank, Ear Phone, BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर, अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### शराब पीने के लिए पैसे मांगे नहीं देने पर चाकू दिखाकर डराया पांच गिरफ्तार



रायपुर (ए)। शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर चाकू से डरा-धमकाकर मारपीट करने वाले पांच आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मौदहापारा थाने में प्रार्थी सागर यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थी शनिवार की रात 11 बजे एमजी रोड चौपाटी में नाश्ता करने गया हुआ था। वह ठेले के पास खड़ा था। इस दौरान चार से पांच लड़के आए। रेहान खान, रवि गंगवानी जो जोरापारा के रहने वाले हैं, अन्य साथियों के साथ मिलकर शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगे। प्रार्थी द्वारा पैसे नहीं हैं, कहने पर गाली गलौज करने लगे। इसके बाद मारपीट शुरू कर दी। अपने पास रखे चाकू को दिखाकर डराया और जान से मारने की धमकी दी। सागर की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की और पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने जिग्नेश सोनी, टिकेश्वर साहू, रवि गंगवानी, श्याम शर्मा और रेहान खान को दो चाकू के साथ गिरफ्तार किया है।

### अधेड़ महिला की सिर कुचलकर हत्या

# रात को आंगन में सो रही थी, सुबह खून से लथपथ मिली उसकी लाश

**जांजगीर (ए)। छत्तीसगढ़ के जांजगीर जिले में एक अधेड़ उम्र की महिला की हत्या कर दी गई है। उसके सिर को किसी भारी चीज से कुचला गया है। रात के वक्त वह घर के आंगन में सो रही थी। अगले दिन सुबह उसकी खून से लथपथ लाश मिली है। मामला हसौद थाना क्षेत्र का है।**



चिस्दा गांव में दुकलहिन बाई साहू (55) अकेले रहती थी। उसका बेटा काम करने के लिए कोरबा में रहता है। वहीं उसके पति की 5 साल पहले ही सड़क हादसे में मौत हो गई है। इस बीच सोमवार रात को महिला खाना खाकर घर के बाहर आंगन में सो गई थी। अगले दिन खून से लथपथ लाश मिली है। बताया गया कि मंगलवार सुबह के वक्त आस-पास के लोग महिला के घर के पास पहुंचे थे। तब उन्होंने देखा कि महिला का शव खाट पर पड़ा हुआ था। इसके बाद पुलिस को इस बात की सूचना दी गई थी। खबर लगते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। डॉग स्क्वॉयड की टीम और फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है।

इस मामले में हसौद थाना प्रभारी योगेश पटेल ने बताया कि शव देखने से ऐसा लग रहा है कि पत्थर से सिर को कुचलकर महिला की हत्या की गई है। अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच जारी है। महिला के बेटे को भी कोरबा से बुला लिया गया है। इसके बाद शव को पीएम के लिए भेजा जायेगा। आरोपियों की तलाश जारी है।

### डॉक्टर दंपती मर्डर मिस्ट्री

## पांच साल बाद कातिल की पहचान के लिए नार्को टेस्ट कराएगी पुलिस

कवर्धा (ए)। शहर में चर्चित डॉ. जीके सूर्यवंशी व उनकी पत्नी डॉ. उषा के मर्डर मिस्ट्री की फाइल दोबारा खुलने वाली है। कातिल की पहचान के लिए संदिग्धों का नार्को टेस्ट कराया जाएगा। इसे लेकर पुलिस तैयारियों में जुटी है। यह डबल मर्डर अब तक मिस्ट्री बना हुआ है। एसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह ने डीएसपी मोनिका परिहार को जांच के लिए कहा है।

वारदात को 5 साल पूरे हो चुके हैं, लेकिन अब तक कातिल की पहचान नहीं हो पाई है। हालांकि, घटनास्थल से जुटाए गए साक्ष्य और फॉरेंसिक जांच में मिले सबूत कुछ संदिग्धों की तरफ इशारा कर रहे हैं। एसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह ने बताया कि दो साल पहले एसपी ने उच्चाधिकारियों को चिट्ठी लिख संदिग्धों का नार्को टेस्ट कराने अनुमति मांगी गई थी। कोविड के चलते मामला अटक गया। अब नार्को टेस्ट के लिए अनुमति लेने दोबारा से पत्र लिखेंगे। जिले में ऐसा पहली बार होगा, जब किसी अपराध में संदिग्धों की नार्को टेस्ट होगी।

### 3 दिन पुरानी हो चुकी थी लाश, फर्श पर खून फैला था

मामला अप्रैल 2017 का है। मृतक डॉक्टर दंपती रामनगर कवर्धा स्थित अपने मकान में रहते थे। 6 अप्रैल की सुबह दोनों की लाश आंगन में मिली थी। फर्श पर खून फैला था। लाश के पास ही खून से सना हुआ पत्थर मिला था। डॉ. उषा के सिर पर घाव के गहरे निशान थे। वहीं डॉ. जीके सूर्यवंशी के सिर व छाती की पसलियां टूटी हुई थी।

शव करीब 3 दिन पुरानी थी, इसलिए डिस्पोज होना शुरू हो गई थी। बेडरूम में रखे अलमारी के दरवाजे पर मार्कर से लिखा था- तुम्हें मेरी जरूरत नहीं है, कभी भी मेरे से कुछ भी हाल चाल का संबंध मत रखना..। रसोई में खाना बना रखा था। घर के सारे खिड़की- दरवाजे खुले हुए थे। कमरे में टीवी, पंखा, एसी, लाइट्स सब कुछ ऑन थे। पुलिस ने घटनास्थल से कुछ साक्ष्य जुटाए थे।

## थाने के सामने बाजार में मिला युवक का शव



दंतेवाड़ा (ए)। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के गीदम साप्ताहिक बाजार स्थल में मंगलवार की सुबह एक युवक की लाश मिली है। फिलहाल युवक की शिनाख्त नहीं हुई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। युवक ने आत्महत्या की है या फिर हत्या कर शव को फेंका गया है, पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है। मामला गीदम थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, गीदम पुलिस थाना के सामने ही साप्ताहिक बाजार स्थल है। थाना के सामने ही पेड़ के नीचे रखे एक ठेले के पास युवक की औंधे मुंह लाश पड़ी थी। आस-पास में रहने वाले लोग जब बाजार स्थल के पास पहुंचे तो उन्होंने शव देखा। जिसके बाद इसकी सूचना फौरन गीदम पुलिस थाना के जवानों को दी गई।

### पहचान के लिए सोशल मीडिया का सहारा

जिस युवक की लाश मिली है उसकी पहचान नहीं हो पाई। इधर, लाश की पहचान करने लाश की फोटो लेकर स्थानीय कुछ सोशल मीडिया के ग्रुपों में भी वायरल किया गया है। ताकि युवक की पहचान की जा सके। कुछ ने युवक को गीदम के माधोपारा का होना बताया है। हालांकि, पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

## 10 लाख की लूट की वारदात निकली झूठी, कैशियर निकला मास्टरमाइंड, भतीजे संग मिलकर रची थी साजिश

रायपुर (ए)। राजधानी रायपुर के गंज थाना क्षेत्र में प्रापर्टी डीलर के कैशियर से सोमवार को दिनदहाड़े हुई 10 लाख के लूट का मामला 12 घंटे बाद झूठा निकला। कैशियर ने अज्ञात बदमाशों द्वारा चाकू टिकाकर पैसा लूटने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी। जांच में पता चला कि कैशियर ने ही अपने भतीजे के साथ मिलकर लूट की साजिश रची थी। कैशियर और उसके भतीजे की निशानदेही पर पुलिस ने नौ लाख रुपये बरामद कर लिए हैं। आरोपित कैशियर से पूछताछ की जा रही है। उसके खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज कराने पर वैधानिक कार्रवाई करने की बात पुलिस अफसरों ने कही है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कथित लूट की वारदात सुबह 11 बजे होना कैशियर आकाश यादव ने बताया था। प्रापर्टी डीलर के यहां आकाश कैशियर का काम करता था। वह सोमवार को सुबह 10 लाख रुपये लेकर बैंक में जमा करने जा रहा था। आरोपित कैशियर ने पुलिस को बताया था कि फाफाडीह चूना भट्ठी एक्सप्रेस-वे सर्विस रोड पर तीन अज्ञात बदमाशों ने उसे रोककर डिक्की से 10 लाख रुपये से भरा बैग लेकर फरार हो गए। छीनाझपटी के दौरान बदमाशों ने उसके पेट में चाकू से वार भी किया। हालांकि उसे किसी भी तरह की गंभीर चोट नहीं आई।



आकाश ने लूट की पूरी साजिश अपने भतीजे के साथ रचने के बाद पुलिस थाने में जाकर बताया कि गुढ़ियारी ऑफिस से पैसे लेकर वह देवेंद्र नगर स्थित बैंक जाने के लिए निकला था। एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर दो युवक पहले से खड़े थे। दोनों ने चेहरा ढंक रखा था। इनमें से एक ने गाड़ी रुकवाई। जैसे ही गाड़ी रुकी, दूसरा युवक बाइक से आया और उसने आकाश की एक्टिवा में टक्कर मार दी। आकाश के साथ छीनाझपटी के बीच एक ने उसके पेट में चाकू से वार किया। हालांकि उसे मात्र खरोच आई। तभी एक ने उसके चेहरे पर मुक्के से मारने के बाद गाड़ी की चाबी निकाल ली। उसके बाद डिक्की खोलकर 10 लाख रुपये लेकर ये भाग निकले। बाइक सवार पीछे की ओर से भागा, जबकि दो आरोपित पैदल ही दीवार कूदकर फरार हो गए। पैदल भागने वालों के पास लूट के पैसे थे। घटना के बाद आकाश ने थाने में जाकर लूट की जानकारी दी।

पुलिस के शक की वजह यही कहानी बनी। एक्सप्रेस-वे सर्विस रोड के नीचे जहां कथित लूट होना बताया गया, वहां सीसीटीवी कैमरा भी नहीं है।

आकाश ने जहां लूट होना बताया, वहां से 100 मीटर दूरी पर मुख्य मार्ग है। सुबह 10 से 11 बजे के बीच वहां से लोगों का आना-जाना लगा रहता है। आरोपितों के जिस ओर भागने की बात कैशियर ने कही थी, वह भी पुलिस के गले से नहीं उतरी। उस ओर से छत है जो सीधे घर के आंगन में सीढ़ी के रास्ते ले जाती है। वहां मौजूद महिलाओं से पूछताछ की गई तो उन्होंने किसी के आने-जाने की बात से साफ मना कर दिया।


### कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ यांत्रिकी खंड, राजेन्द्र पार्क चौक दुर्ग (छ.ग.)

दूरभाष क्र. 0788-2323633 E-mail:eedurg-phe-cg@nic.in

// निविदा निरस्तीकरण सूचना //

इस कार्यालय की निविदा सूचना क्रमांक 37 / तशा / का.अ. / लो.स्वा.यां.खंड / दुर्ग, दिनांक 02.03.2022, सिस्टम क्र. 94067, अंतर्गत उतई आवर्धन जल प्रदाय योजनांतर्गत रेलवे क्रॉसिंग में पाईप पुशिंग कार्य हेतु आमंत्रित निविदा में एकल निविदा होने के कारण निरस्त किया जाता है।

जी-90953/4

कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, दुर्ग (छ.ग.)



### दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

पेंशन अदालत का आयोजन

सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों/पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की सुविधा हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में 15.06.2022 को प्रातः 11 बजे पेंशन अदालत का आयोजन किया जाएगा। यदि आपको सेवानिवृत्ति के पश्चात मिलने वाले बकाया निपटान (पेमेन्ट ऑफ सेटलमेंट ड्यूज) से संबंधित अथवा पेंशन भुगतान संबंधी कोई शिकायत है, तो आप अपना अभ्यावेदन दो प्रतियों में दिनांक 20.05.2022 तक प्रस्तुत करें। न्यायालय में लंबित प्रकरण, नियुक्ति तथा अन्य नीतिगत मामलों को पेंशन अदालत में शामिल नही किया जायेगा। सेवानिवृत्त वे सभी कर्मचारी जिन्हे इस संबंध में अपने आवेदन पत्र प्रस्तुत करने है, वे अपने आवेदन पत्र वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर न्यु डी.आर.एम. आफिस खमतराई रायपुर (छ.ग) 492008 के कार्यालय में दिनांक 20.05.2022 के पूर्व निम्नलिखित प्रारुप में जमा कर दें।

आवेदन का प्रारुप

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पी.पी.ओ. क्रमांकः | |
| 2 | सेवानिवृत्त कर्मचारी का नामः | |
| 3 | पदनाम (सेवानिवृत्त/अशक्तता पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर के समय): | |
| 4 | मंडल/युनिट का नाम/अंतिम कार्यस्थल | |
| 5 | विभागः | |
| 6 | मंडल/कार्यालयः | |
| 7 | अंतिम वेतनः | |
| 8 | सेवानिवृत्त/अशक्तता/मृत्यु का दिनांकः | |
| 9 | मोबाईल/टेलीफोन नंबरः | |
| 10 | पत्राचार के लिए पताः | |
| 11 | सेवानिवृत्त/अशक्तता पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर के शिकायत का विस्तृत विवरणः | |

नोटः- (पी.पी.ओ. एवं सेवा प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें)

आवेदक के हस्ताक्षर

पीआर/आर/सीनि.डीपीओ/एपी/19

South East Central Railway @secrail



### छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय अधीक्षण अभियंता, शिवनाथ मंडल, दुर्ग (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 98621/निविदा सूचना क्र.04/वलेलि/2022-23 बालोद, दिनांक 06/05/2022

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 27.05.2022 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम :- बालोद जिले के विकासखंड डौण्डीलोहारा की बगईकोन्हा जलाशय के शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार, मुख्य नहर का आर.डी. 0 मी. से 4350 मी. तक रिमाडलिंग एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य, 22 नग पुराने कार्यों का मरम्मत कार्य, 11 नग पक्के कार्यों का निर्माण तथा 22 नग कुलापा लगाने का कार्य।**

**अनुमानित लागत :- रू. 198.61 लाख**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 13.05.2022 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोटः**- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी-90946/12

कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, बालोद (छ.ग.) कृते-अधीक्षण अभियंता शिवनाथ मंडल दुर्ग (छ.ग.)



### कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ यांत्रिकी खंड, राजेन्द्र पार्क चौक दुर्ग (छ.ग.)

दूरभाष क्र. 0788-2323633 E-mail:eedurg-phe-cg@nic.in

// निविदा निरस्तीकरण सूचना //

इस कार्यालय के निविदाओं को जिला जल एवं स्वच्छता मिशन का बैठक दिनांक 27.04.2022 में लिये गये निर्णय अनुसार निम्नानुसार आमंत्रित निविदाओं को निरस्त किया जाता है। विवरण निम्नानुसार है:-

| क्रमांक | नि.सू.क्र./दिनांक | सिस्टम क्र. | ग्राम का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | 214/दिनांक 24.01.2022 | 91357 | ठकुराईन टोला, गाड़ाडीह |
| 2 | 216/दिनांक 24.01.2022 | 91359 | रीवागहन (आर.), गब्दी |
| 3 | 217/दिनांक 24.01.2022 | 91360 | कानाकोट, मटंग |
| 4 | 220/दिनांक 24.01.2022 | 91363 | पंहडोर, परेवाडीह, महकाखुर्द, आमापेण्ड्री |
| 5 | 221/दिनांक 24.01.2022 | 91364 | टठिया, माटरा |
| 6 | 222/दिनांक 24.01.2022 | 91366 | डुमर, लहंगा, सण्डी, मोहलई, कोकड़ी |
| 7 | 234/दिनांक 02.03.2022 | 93614 | पुरई |
| 8 | 236/दिनांक 02.03.2022 | 93616 | खाड़ा, चंगोरी, झोला, बिरेझर, तिरगा |
| 9 | 238/दिनांक 10.03.2022 | 94988 | महमरा |
| 10 | 239/दिनांक 10.03.2022 | 94989 | पिपरछेड़ी, खुर्सीडीह, मालूद |
| 11 | 240/दिनांक 10.03.2022 | 94990 | डगनिया, गुजरा, कसही |
| 12 | 241/दिनांक 10.03.2022 | 94991 | बोहारडीह, मानिकचौरी, बोदल |
| 13 | 242/दिनांक 11.03.2022 | 95256 | घुघवा (करसा) |
| 14 | 244/दिनांक 11.03.2022 | 95258 | हिंगनाडीह |

जी-90952/4

कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, दुर्ग (छ.ग.)



### कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)

निविदा क्रं. 41 से 60 /ले.शा./का.अ./लो.स्वा.यां.खंड/2022 बालोद, दिनांक : 05.05.2022

ई-प्रोक्योरमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र-ए में प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित कार्य के लिए कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड बालोद द्वारा के एकीकृत पंजीयन व्यवस्था में ई-रजिस्ट्रेशन की सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का विवरण :-** बालोद जिले के वि.खं. डौण्डी के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिट एवं एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना का कार्य।

| | नि.सू. क्र./सिस्टम नं. | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 41/98987 | विकासखंड डौण्डीलोहारा ग्राम पापरा | रू. 109.64 लाख |
| 2 | 42/98992 | विकासखंड डौण्डीलोहारा ग्राम परसाडीह-ज | रू. 93.90 लाख |
| 3 | 43/98993 | विकासखंड डौण्डीलोहारा ग्राम गंजईडीह | रू. 92.55 लाख |
| 4 | 44/98994 | विकासखंड गुण्डरदेही ग्राम सिर्री | रू. 180.30 लाख |
| 5 | 45/98995 | विकासखंड गुण्डरदेही ग्राम खप्परवाड़ा | रू. 92.04 लाख |
| 6 | 46/98997 | विकासखंड गुण्डरदेही ग्राम अर्जुनी | रू. 118.00 लाख |
| 7 | 47/98998 | विकासखंड गुण्डरदेही ग्राम पायला | रू. 64.60 लाख |
| 8 | 48/98999 | विकासखंड गुण्डरदेही ग्राम लासाटोला | रू. 86.33 लाख |
| 9 | 49/99000 | विकासखंड गुण्डरदेही ग्राम खेरूद | रू. 81.68 लाख |
| 10 | 50/99001 | विकासखंड गुण्डरदेही ग्राम सुखरी | रू. 79.75 लाख |
| 11 | 51/99003 | विकासखंड गुण्डरदेही ग्राम पांगरी | रू. 96.03 लाख |
| 12 | 52/99004 | विकासखंड गुण्डरदेही ग्राम बोरगहन-अ | रू. 113.21 लाख |
| 13 | 53/99005 | विकासखंड गुण्डरदेही ग्राम सलोनी | रू. 86.70 लाख |
| 14 | 54/99006 | विकासखंड गुण्डरदेही ग्राम सरेखा | रू. 85.55 लाख |
| 15 | 55/99008 | विकासखंड गुण्डरदेही ग्राम चाराचार | रू. 69.48 लाख |
| 16 | 56/99009 | विकासखंड गुण्डरदेही ग्राम नाहंदा | रू. 103.36 लाख |
| 17 | 57/99010 | विकासखंड गुण्डरदेही ग्राम भोथीपार | रू. 69.03 लाख |
| 18 | 58/99011 | विकासखंड गुण्डरदेही ग्राम चारभाठा | रू. 80.85 लाख |
| 19 | 59/99012 | विकासखंड गुण्डरदेही ग्राम कजराबांधा | रू. 87.27 लाख |
| 20 | 60/99013 | विकासखंड गुण्डरदेही ग्राम मन्होरा | रू. 46.17 लाख |

1. बिड प्रारंभ की तिथि - 13.05.2022
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 26.05.2022

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 12.05.2022 से एवं कार्यालयीन समय पर कार्यालय में देखे जा सकते हैं।

जी-90954/7

कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)



भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875 99938-08453 75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी बियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राइक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

मिस एंड मिसेस लेडिस वेयर
• गाऊन • ब्रा. पेन्टी • नाईटी • ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. - 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

**खास - खबर**

## दया और करुणा के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण कार्यक्रम का शुभारंभ

**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के द्वारा बघेरा के आनंद सरोवर में आयोजित दया और करुणा के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण वर्ष का शुभारंभ शांतिवन आबू रोड से पधारे ब्रह्माकुमार देवान भाई ब्रह्माकुमार देवेंद्र भाई , धनराज भवनानी (पूर्व प्राचार्य सुराना महाविद्यालय दुर्ग) व ब्रह्माकुमारी रीटा बहन (संचालिका ब्रह्माकुमारीज़) ने सामूहिक रूप से किया। इस अवसर पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए ब्रह्माकुमारी रीटा बहन ने बताया आज 8 मई मदर्स डे के रूप में मनाया जा रहा है आज छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के ब्रह्माकुमारीज के समस्त सेवाकेंद्रों में दया और करुणा के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण वर्ष के थीम का उद्घाटन हो रहा है। जैसे कि नाम ही दया है तो बचपन में सुने हैं दया धर्म का मूल है पाप अहंकार का मूल है यहां प्यारे शिवबाबा ने हमें स्मृति दिलाई के आप मूल रूप में देह नहीं हो आत्मा हो व आपका मूल स्वभाव दया व करुणा है तो यह स्मृति जागृत होने से दया व करुणा स्वत: जागृत हो गई। आध्यात्मिकता को अपनाने से दया व करुणा के गुण स्वत: ही बाहर आने लगता है हमें इसके लिए प्रयास नहीं करना पड़ता लेकिन जब हम किसी पर दया व करुणा की भावना रखते हैं।

### युवाओं में बढ़ता विधायक देवेंद्र का क्रेज...

# लोक जनशक्ति पार्टी युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव सहित कई जिला के अध्यक्षों ने थामा कांग्रेस का हाथ

## सीएम भूपेश बघेल के जनहितकारी योजनाओं से प्रभावित होकर एक साथ किया कांग्रेस प्रवेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। विधायक देवेंद्र यादव के समक्ष विनोद भारती लोक जनशक्ति पार्टी युवा प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सचिव के नेतृत्व में दुर्ग- भिलाई सहित कई जिला के अध्यक्षो सेहत सैकड़ो युवाओ ने आज कांग्रेस का हाथ थामा और कांग्रेस के साथ मिल का जनहित में काम करने की शपथ ली। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के समक्ष सड़कों युवाओं ने कांग्रेस प्रवेश किया। इस दौरान विधायक देवेंद्र यादव ने कांग्रेस परिवार में शामिल होने वाले सभी सदस्यों को पुष्प गुच्छ व कांग्रेस का गमछा भेंट कर सब को कांग्रेस प्रवेश कराया और सब का स्वागत -सम्मान किया है।**



इस अवसर पर विधायक श्री यादव ने कहा कि आप सब ने कांग्रेस परिवार पर जो विश्वास किया है। वह विश्वास हमेशा बना रहेगा। हम सब का उद्देश्य प्रदेश की जनता के हिट और विकास के लिए काम करना है। शासन की जनहित के योजनाओं को जनता तक पहुंचा है।

कांग्रेस परिवार में सभी का स्वागत कर सब का आभार व्यक्त किया। इसके बाद विनोद ने बताया कि वे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और भिलाई नगर के युवा विधायक देवेंद्र यादव के काम से वे काफी प्रभावित हुए है। लगातार शहर की जनता के हित और विकास के लिए लगातार किए जा रहे विकास कार्यों, जनता के प्रति उनकी इंमानदारी, निष्ठा और विश्वासन से भी वे काफी प्रभावित हुए।

कांग्रेस विचारधारा से जुड़ कर जनता के लिए काम करने के उद्देश्य से उन्होंने विधायक देवेंद्र यादव के समक्ष कांग्रेस प्रवेश किया है। साथ ही अपने साथ दुर्ग- भिलाई सहित उनके सभी जिले के जिला अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी सहित सड़कों युवाओं की फौज सहित कांग्रेस प्रवेश किया।

कांग्रेस प्रवेश करने वालो में : बलौदाबाजार से :- लोमन लहरे,गोविंदा लहरे,भूपेंद्र लहरे, राजकुमार, अशोक, साधराम, साधू राम,संजय लाल, सतीश, योगेश, महेश लहरे, ओमचंद। बेमेतरा से :- अजय, चलेश्वर, नारायण, मालिक राम वर्मा, बूधे सिंह, रोहणी साहू, हरीश सेन, जोगेश बंजारे, जीतू साहू.. मुंगेली से :- यशवंत कुमार, दीपक, राहुल, पूनम चंद, नंदकुमार, वीरेंद्र कोशले, लक्ष्मी साहू दुर्ग भिलाई से :- नीरज लहरे, मनोज भारती , नमन , समीर, आकश बंजारे, मोनू, अमन जाटवर। रायपुर से :- कामेन्द्र कुमार, हेमंत कुमार, नंदकुमार लहरे , लाकेश लहरे, साहिल वर्मा हुसैन अली, नजीम खान बिलासपुर से :- सतेंद्र यादव, कोमल जंघेल, यशवंत साहू, जीतेन्द्र सिंह,सतीश मधुकर, राहुल यादव आदि शामिल हुए है।

## आजाद मार्केट क्षेत्र में भांग दुकान खोलने का पार्षद द्वारा विरोध



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रिसाली। आजाद मार्केट वार्ड क्रमांक 24 रिसाली में भांग दुकान खोलने के विरोध में पार्षद धर्मेंद्र भगत वार्ड 23 ने आज कलेक्टर महोदय को ज्ञापन दिया वह बताया की आजाद मार्केट व्यवसायिक व रहवासी क्षेत्र है जहां विभिन्न प्रकार के दुकानदार और उनका परिवार रहता है।**

क्षेत्र की जनता पहले ही शराब दुकान व बार की वजह से बहुत परेशानी में अपना जीवन यापन कर रही है जहां दिनभर नशाखोरी करने वालों का जमावड़ा रहता है जिसकी वजह से पूरा क्षेत्र संवेदनशील है यहां आसपास की महिलाएं अत्यधिक प्रभावित है जिससे कभी भी अप्रिय घटना घटने का संदेह बना रहता है नशा खोर नशा करके आए दिन मारपीट गाली गलौज व महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं जिससे आजाद मार्केट अब नशा मार्केट मैं तबदील हो रहा इसके लिए आज कलेक्टर महोदय जी को ज्ञापन देकर पार्षद धर्मेंद्र भगत ने निवेदन किया कि यहां प्रस्तावित भांग दुकान और वर्तमान मे संचालित अंग्रेजी शराब दुकान को किसी अन्य रिक्त स्थान पर स्थानतरण कर आजाद मार्केट के रहवासियों को नरकीय जीवन जीने से मुक्त करने का आग्रह किया है।

# एमआईसी व स्वच्छता प्रभारी लक्ष्मीपति राजू की अध्यक्षता में शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने पर हुई चर्चा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। कई निजी आवासीय कॉलोनियों के भिलाई निगम में समायोजन होने के बाद सफाई कर्मियों के अतिरिक्त अन्य संसाधनों की जरूरत पड़ रही है। महापौर नीरज पाल ने सभी जोन के वार्डों में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दे रखे हैं।**



स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू की अध्यक्षता में आज निगम के सभागार में लोक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विभाग की सलाहकार समिति की बैठक हुई।

इसमें पार्षदद्वय पार्षद पी. श्याम सुंदर राव, उमेश कुमार साहू, ईष्वरी नेताम, सरिता देवी, के. जगदीश कुमार, अभिषेक मिश्रा, एम लक्ष्मी गोपाल, डी सुजाता व कोमल दास टंडन उपस्थित थे। बैठक में कई आवासों के निगम को हैंडओवर करने व ओव्हर ब्रिज, अंडरब्रिज, वाई शेप, स्मृतिनगर से जामुल बोगदा तक करीब 14 किमी की सफाई करने के लिए अतिरिक्त सफाई कर्मियों की आवश्यकता के विषय में चर्चा की गई।

साथ ही इसमें जोन 4 के वार्ड 30, 31, 32, 33 व 34 में नाली, सड़क, बाजार की सफाई के अतिरिक्त डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए 300 स्वच्छता कामगार सहित तिपहिया व ई रिक्शा की मांग महापौर परिषद में रखे जाने का निर्णय लिया गया। सलाहकार समिति के सदस्यों ने शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए अन्य विषय पर भी चर्चा की।

### छत्तीसगढ़ निषाद समाज की बैठक संपन्न

# निर्वाचन संशोधन कमेटी की रिपोर्ट पर लिया गया निर्णय

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। छत्तीसगढ़ निषाद ( केंवट ) समाज प्रदेश संगठन की एक बैठक 8 मई को श्रीराम जानकी मंदिर छात्रावास भवन कोहका में संपन्न हुई। बैठक में उच्च स्तरीय निर्वाचन संशोधन कमेटी की रिपोर्ट पर विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया।**



छत्तीसगढ़ निषाद ( केंवट ) समाज प्रदेश संगठन के अध्यक्ष आनंद निषाद की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में समाज द्वारा 27 फरवरी 2022 को आयोजित आमसभा में पीके निषाद की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय निर्वाचन कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष को प्रस्तुत रिपोर्ट पर विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। जिसमें समस्त प्रदेश पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी के दो महिला सदस्यों के साथ अधिकतम 13 सदस्य, प्रदेश संगठन के समस्त आजीवन सदस्य एवं जिले के एक परिक्षेत्रीय अध्यक्ष मतदान प्रक्रिया में भाग लेंगे। निर्वाचन प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ में निवासरत निषाद केंवट समाज का कोई भी सदस्य भाग ले सकता है। इस निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए ईश्वर निषाद अधिवक्ता दुर्ग को मुख्य निर्वाचन अधिकारी और भोज प्रसाद निषाद भिलाई व जयपाल विनायक बिलासपुर को सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष आनंद निषाद, प्रदेश महासचिव बोधीराम निषाद, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमलता निषाद, प्रदेश संगठन सचिव चिंताराम निषाद सहित लच्छू राम निषाद,मन्नू लाल निषाद, सुशीला निषाद, संतोष कैवर्थ, महादेव निषाद, नेहरू निषाद,रवि निषाद, जगदीश निषाद आदि उपस्थित थे।

# श्री सांई नाथ जन सेवा समिति की पहल, सुपेला अस्पताल को भेंट किया 3 वाटर कूलर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** जन सेवा परम धर्म को ध्यान में रखते हुए श्री सांई नाथ जन सेवा समिति ने लाल बहादुर शास्त्री शासकीय हॉस्पिटल सुपेला को तीन वाटर कूलर भेंट की है। यह वाटर कूलर हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को सहुलियत को देखते हुए दिया गया है। संस्था तीनो कूलर लाल बहादुर शास्त्री शासकीय हॉस्पिटल के मुख्य प्रभारी डॉ. पीयम सिंह जी को भेंट किया गया। इस मौके पर संस्था के सम्मानीत सदस्य एव हॉस्पिटल अन्य डॉक्टर भी मौजूद रहे।



श्री सांई नाथ जन सेवा समिति के अध्यक्ष श्री जी. माधव राव ने बताया कि संस्था लगातार लोगो की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में काम करती है। विभिन्न सामाजिक कार्यो को करने के साथ संस्था रक्तदान के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जन सेवा ही परम धर्म है, इससे बडा कोई धर्म नही है। सेवा मनुष्य का सबसे बड़ा गुण है। अपने को जन सेवक मानकर जागरूकता व विनम्रता से सेवा को धर्म और कर्तव्य समझकर कार्य करना चाहिए। हॉस्पिटल में गर्मी के मौसम में ज्यादा मरीज भर्ती होते है। और वार्डो में कूलर न होना मरीजो के लिए कष्टदायक है। जिसको संस्था ने अपने संज्ञान में लेते हुए यह कार्य पूर्ण किया।

इस मौके पर संस्था के संरक्षक श्री जी राजू ने कहा कि श्री सांई नाथ जन सेवा समिति का सोच व संस्था के द्वारा किया जा रहा सामाजिक कार्य सराहनीय है। जिसे देखते हुए अन्य संस्थाओं को भी ऐसे कार्यो के लिए आगे आना चाहिए। इससे सामाजिक कार्य और विकस को गति मिलती है। इस मौके पर संस्था के सम्मानीत सदस्य श्री के. डिल्ली राव, जी. राजू, विकास जायसवाल, के. गणपति, के. प्रसाद राव, जी. माधव राव, सूरज साहू, एस. वेंकट, धनराजू तथा हॉस्पिटल के प्रभारी डॉ. पीयम सिंह व अन्य डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

### विधायक देवेंद्र की पहल पर भिलाई नगर की पहली ई-लाइब्रेरी

# युवाओं को मिलेगी प्रतियोगी परीक्षाओं में तैयारी का मौका

## 30 लाख की लागत से जल्द खुलेगी डिजिटल लाइब्रेरी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** शहर के छात्र-छात्राओं के लिए बड़ी खुश खबरी है। भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव की पहल से खुर्सीपार में जल्द ही ई लाइब्रेरी शुरू की जाएगी। करीब 30 लाख की लागत से लाइब्रेरी खोली जाएगी। कोर्स से लेकिन यूपीएससी,सीएससी आदि विभिन्न कोर्स से सम्बंधित ऑनलाइन यहाँ उपलब्ध रहेगी। एजुकेशन हब भिलाई शहर में युवाओ की मांग और जरूरतों को देखते हुए भिलाई नगर के युवा विधायक देवेंद्र यादव खुर्सीपार में पहली निशुल्क डिजिटल लाइब्रेरी शुरू करने वाले है, जहां वे ऑनलाइन कॅरिअर, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी मुफ्त कर सकेंगे। मकसद यह है कि गरीब छात्र-छात्राएं जो ई-मित्र व अन्य माध्यमों के जरिए पैसा चुकाकर ऑनलाइन अध्ययन कर रहे हैं, उनको यह सुविधा निशुल्क उपलब्ध होगी।

कोविड के दौर में डिजिटल एजुकेशन का ट्रेंड बढ़ने लगा है। इसमें सबसे बड़ी समस्या उन छात्र-छात्राओं को आ रही है,



जिनके पास महंगे मोबाइल व इंटरनेट से सुसज्जित संसाधन उपलब्ध नहीं है। ऐसे में यह डिजिटल लाइब्रेरी ऐसे गरीब छात्र-छात्राओं के लिए एक बड़ा साधन बनेगी, ताकि वे अपने अध्ययन की जरूरतें पूरी कर सकें।

ऑनलाइन शहर में डिजिटल लाइब्रेरी की शुरुआत के बाद छात्र-छात्राएं अपनी एकेडमिक पढ़ाई के साथ अध्ययन संबंधी मार्गदर्शन के लिए एक्सपर्ट की ट्यूशन ऑनलाइन ले सकेंगे। डिजिटल लाइब्रेरी की शुरुआत के बाद छात्र अध्ययन के लिए जरूरी मार्गदर्शन के लिए यह विकल्प खुला रहेगा कि वे पढ़ाई के लिए देश-विदेश के ट्यूटर से ऑनलाइन संपर्क कर सकते हैं।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मिलेगी मदद

डिजिटल लाइब्रेरी छात्रों के लिए न केवल अध्ययन में मददगार बनेगी, बल्कि सरकारी सेवाओं की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भी उपयोगी होगी। इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को एक ऐसा प्लेटफार्म उपलब्ध होगा, जहां वे इंटरनेट के जरिए ऑनलाइन राज्यों व देश की अलग-अलग प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। परीक्षाओं के पैटर्न से लेकर उनके पाठ्यक्रम की नवीनतम जानकारी छात्रों को इसके माध्यम से उपलब्ध होगी। खुर्सीपार क्षेत्र में छात्र-छत्राओं के लिए ऐसी कोई लाइब्रेरी नहीं है। इस लिए उन्हें वर्तमान में विभिन्न पुस्तकें खरीदने पड़ते है। पढ़ने मे रुचि रखनेवालों के लिए वाचनालय एक सर्व सुविधा युक्त की मांग युवाओं द्वारा की जा रही थी। युवाओं की इस मांग को पूरा करने के लिए विधायक श्री यादव ने पहल की है और लाइब्रेरी शुरू करने की तैयारी पूरी कर ली गई है। अब डिजिटल लाइब्रेरी की शुरुआत के बाद ऐसे जिज्ञासु लोगों के लिए डिजिटल लाइब्रेरी एक ऐसा माध्यम बनेगी, जहां लोग दैनिक अखबार से लेकर जरूरी व इच्छित किताबों का अध्ययन इस लाइब्रेरी के माध्यम से निशुल्क ऑनलाइन कर सकें।

इसके माध्यम से छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में जरूरी मार्गदर्शन और ऑनलाइन अध्ययन का बेहतर विकल्प उपलब्ध हो सकेगा।

### तैयारी जोरों पर चल रही

जोन 4 आयुक्त अमिताभ शर्मा ने बताया कि विधायक की मंशा अनुरूप ई लाइब्रेरी बनाने का तैयारी जोरों से चल रही है। जल्द ही लाइब्रेरी बन कर तैयार हो जाएगी। लाइब्रेरी में पूरी सुविधा होगी। पूरी तरह से वातानुकूलित होगी लाइब्रेरी,यहाँ करीब 10 कम्प्यूटर लगाए जाएंगे। 4 जी स्पीड जी इंटरनेट से पूरी तरह से लैस होगा। ई लाइब्रेरी में 1 लाख से अधिक जरूरी किताब होंगी।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950